चैत्र कृष्णा - 15 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 252 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » मंगलवार » 09-04-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com


# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

तक्षिण் पारत् राष्ट्रमत् | दिनसरि हिन्दि नाळितழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 सभी विपक्षी नेताओं को सलाखों के पीछे डालना है 'मोदी की गारंटी' : ममता

6 अपराधियों को नायक बनाने की खतरनाक प्रवृत्ति

7 वर्कआउट को सजा नहीं मानतीं एट्रेस सैयामी खेर



## अवकाश की सूचना

हिन्दू कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष संवत्सर बुधवार से प्रारंभ हो रहा है। दक्षिण भारत में इसे युगादि (उगादि) पर्व के रूप में मनाया जाता है। **दक्षिण भारत राष्ट्रमत** के सभी पाठकों, हितैषियों, विज्ञापनदाताओं को इस पर्व की शुभकामनाएं। इस उपलक्ष्य में दक्षिण भारत कार्यालय में मंगलवार 09 अप्रैल 2024 को सम्पूर्ण अवकाश रहेगा, अगला अंक 11 अप्रैल 2024 को प्रकाशित होगा।

- व्यवस्थापक

## फर्स्ट टेक

### राष्ट्रपति मुर्मू ने नागरिकों को चैत्र शुक्लादि, उगादि, गुडी पड़वा की बधाई दी

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चैत्र शुक्लादि, उगादि, गुड़ी पड़वा, चेती चांद, नवरेह और साजिबु चेरोबा की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा, चैत्र शुक्लादि, उगादि, गुड़ी पडवा, चेती चांद, नवरेह और साजिबु चेरोबा के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि ये वसंत ऋतु और भारतीय नववर्ष का स्वागत करने वाले अवसर हैं। उन्होंने कहा, हमारे देश के विभिन्न भागों में मनाए जाने वाले ये त्योहार शांति, सद्भाव और सहिष्णुता के संदेश का प्रसार करते हैं। ये त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति और विरासत के प्रतीक हैं। हम इन अवसरों पर प्रकृति के प्रति अपना आभार भी व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा, मेरी कामना है कि ये त्योहार सभी के लिए खुशियां और समृद्धि लाएं तथा हमें अधिक उत्साह के साथ अपने राष्ट्र के विकास के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करें।

### केरल सरकार ने वित्तीय धोखाधड़ी की जांच सीबीआई को सौंपी

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल सरकार ने त्रिशूर स्थित एक निजी वित्तीय कंपनी से जुड़ी करोड़ों रुपए की कथित वित्तीय धोखाधड़ी की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि त्रिशूर जिले के चेरपु में मामले की जांच कर रही पुलिस को हाई रिच ऑनलाइन शॉपी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित कथित धन वृद्धि योजना से संबंधित सभी मामलों को सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में दूसरे राज्यों के लोगों की संलिप्तता के कारण सीबीआई जांच की सिफारिश करने का निर्णय लिया गया। सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, राज्य पुलिस प्रमुख ने हाई रिच ऑनलाइन शॉपी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित योजना की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी।

| 09-04-2024 सूर्यास्त | 10-04-2024 सूर्योदय |
|---|---|
| 5:59 बजे | 6:21 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 74,742.50 | 22,666.30 |
| (+494.28) | (+152.60) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,207 रु. | 84,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### समझना जरूरी है

होगी बरबादी सबकी,
नाकाम जिधर जाएगा।
हुए बदजुबां नेता तो,
अंजाम किधर जाएगा।
हवा जिधर की भी होगी,
तूफान उधर जाएगा।
सही व्यक्ति को चुन लेंगे तो,
देश सुधर जाएगा।।

# बेंगलूरु में 30.92 करोड़ के नकली नोट जब्त

## पांच लोग किए गए गिरफ्तार

**बेंगलूरु।** कर्नाटक में बेंगलूरु पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने 30.92 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट जब्त कर इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बेंगलूरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने सोमवार को बताया कि नकली नोट का कारोबार चलाने वाला गिरोह विभिन्न ट्रस्ट को निशाना बनाता था और उन्हें विभिन्न कंपनियों के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कोष के तहत 40 लाख रुपये देने पर एक करोड़ रुपये दिलाने का वादा करता था। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''यह ठगी करने का एक नया तरीका है जो पहले नहीं देखा गया, हालांकि हमें इस बारे में अस्पष्ट जानकारी थी। जालसाजों के इस नेटवर्क ने कई ट्रस्ट से संपर्क किया। वे ट्रस्ट के लोगों को बताते थे कि अगर वे उन्हें नकदी मुहैया कराएंगे तो उन्हें कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कोष के जरिए और पैसा मिलेगा।'' दयानंद ने कहा, ''उन्होंने विभिन्न ट्रस्ट को 100 करोड़ रुपये तक की नकदी भी दिखाई। एक बार जब ट्रस्ट के सदस्य आश्वस्त हो जाते और उन्हें रकम का भुगतान कर देते, तो गिरोह के सदस्य फरार हो जाते थे। यह सामने आया है कि इन्होंने इस तरह से कई लोगों के साथ ठगी की है।'' अधिकारी ने बताया कि सीसीबी की महिला संरक्षण शाखा ने जाल बिछाया और इस गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरोह के पास से अब तक 30.92 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट जब्त किए गए हैं। इनके पास से पुलिस ने 23.5 लाख रुपए भी नकद जब्त किए। दयानंद ने कहा, हमने इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक को शहर के विल्सन गार्डन में जुए के मामले में पूर्व में गिरफ्तार किया गया था।

# 'स्थिरता बनाम अस्थिरता' की लड़ाई है साल 2024 का लोकसभा चुनाव : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**चंद्रपुर (महाराष्ट्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आगामी लोकसभा चुनाव को 'स्थिरता बनाम अस्थिरता' की लड़ाई करार दिया और कहा कि एक तरफ उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार देशहित में कड़े फैसले ले रही है, वहीं विपक्षी गठबंधन का लक्ष्य 'सत्ता पाओ और मलाई खाओ' का है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस की तुलना 'करेले' से की और कहा कि उसे घी में तला जाए या फिर शक्कर में घोला जाए, वह कड़वा ही रहता है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के धड़े को 'नकली' बताया और उस पर कथित तौर पर सनातन विरोधी व देश के विभाजन की बात करने वाले द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के साथ गठबंधन करने का आरोप लगाया।

मोदी ने कहा, साल 2024 का लोकसभा चुनाव 'स्थिरता बनाम अस्थिरता' के बीच का चुनाव है। एक ओर भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन है, जिसका ध्येय है कि देश के लिए कड़े फैसले लो, बड़े फैसले लो। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस और 'इंडी' गठबंधन है, जिसका मंत्र है– जहां भी सत्ता पाओ, खूब मलाई खाओ। उन्होंने कहा, कड़वे करेले को घी में तलें या शक्कर में घोलें, वो फिर भी कड़वा का कड़वा ही रहता है। ये कहावत कांग्रेस पर सटीक लागू होती है। कांग्रेस कभी नहीं बदल सकती।

प्रधानमंत्री इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडि) को अक्सर 'इंडी' गठबंधन कहकर निशाना साधते रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'इंडी' गठबंधन की केंद्र में जब तक सरकार रही, महाराष्ट्र की लगातार उपेक्षा होती रही। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के विकास से जुडी किसी भी परियोजना को देखते ही वह कहते थे कि या तो 'कमीशन' लाओ या काम पर 'ब्रेक' लगाओ।

कांग्रेस के एक सांसद के बयान का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि वह विभाजन की बात करते हैं, जबकि 'इंडी' गठबंधन के लोग दक्षिण भारत को अलग करने की धमकी देते हैं। उन्होंने कहा, इंडी' अलायंस में शामिल द्रमुक सनातन को डेंगू–मलेरिया कह कर उसके खात्मे की बात कर रही है और नकली शिवसेना वाले उन्हीं लोगों की महाराष्ट्र में रैली करवाते हैं।

पिछले महीने महाराष्ट्र में 'इंडि' गठबंधन की एक रैली हुई थी। कांग्रेस, द्रमुक और शिवसेना (यूबीटी) इसके घटक दल हैं।

# आबकारी नीति : ईडी ने केजरीवाल के पीए, आप विधायक से पूछताछ की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार और आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक दुर्गेश पाठक से आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में सोमवार को पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कुमार का बयान धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज किया जा रहा है। ईडी इस मामले में इन दोनों से पहले भी पूछताछ कर चुकी है।

सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल की गतिविधियों और कार्यक्रमों के सिलसिले में कुमार से पूछताछ जरूरी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल (55), आप के राष्ट्रीय संयोजक भी हैं और उन्हें पिछले महीने इस मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

एजेंसी ने अपने पहले के आरोपपत्रों में आरोप लगाया था कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और कुमार सहित कम से कम 36 आरोपियों ने कथित घोटाले में हजारों करोड़ रुपए की रिश्वत के सबूत छुपाने के लिए 170 फोन नष्ट किए, इस्तेमाल किए या बदल दिए।

पिछले साल एक स्थानीय अदालत में दाखिल ईडी के आरोपपत्र के अनुसार, बिभव के मोबाइल नंबर का आईएमईआई (इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी) सितंबर 2021 और जुलाई 2022 के बीच चार बार बदला। समझा जाता है कि राजिंदर नगर निर्वाचन क्षेत्र से आप के विधायक पाठक (35) को एजेंसी ने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के 2021–22 चुनाव अभियान के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया था।

## मानहानि मामले में संजय सिंह की याचिका खारिज



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर कथित टिप्पणी के लिए मानहानि के एक मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में पहले ही कहा है कि पक्षों के लिए उपलब्ध सभी दलीलें खुली हैं और निचली अदालत के न्यायाधीश आदेश में की गई किसी भी टिप्पणी से प्रभावित नहीं होंगे। पीठ ने कहा, हम वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं।

## केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर को लश्कर-ए-तैयबा से 'धमकी' भरा पत्र मिला

**कोलकाता/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शांतनु ठाकुर ने सोमवार को दावा किया कि आतंकवादी संगठन लश्कर–ए–तैयबा ने उन्हें पत्र भेजकर धमकी दी है कि यदि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू की गई तो वह 'पूरे देश को जला देगा। बंगाली में टाइप किए गए इस कथित पत्र में यह भी धमकी दी गई है कि यदि राष्ट्रीय नागरिक पंजी को लागू करने के बाद मुसलमानों का उत्पीड़न किया गया तो मतुआ समुदाय के तीर्थाटन स्थल 'ठाकुरबारी' को ध्वस्त कर दिया जाएगा। केंद्रीय पोत, नौवहन एवं जलमार्ग राज्य मंत्री ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा, यह पत्र मिलने से मैं स्तब्ध हूं। मैंने अपने विभाग को इसकी सूचना दे दी है। जब इस संबंध में बोनगांव के जिला पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि पुलिस को मंत्री की ओर से अब तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है।

# तीनों सेनाओं की कार्य प्रणाली में तालमेल महत्वपूर्ण : जनरल पांडे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने भविष्य की चुनौतियों के मद्देनजर खतरों के प्रभावशाली आकलन, स्पष्ट रणनीति क्षमताओं की पहचान , नीति बनाने, पुख्ता तैयारियों और राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे के भीतर उचित जवाबी कार्रवाई के लिए तीनों सेनाओं की कार्यप्रणाली में तालमेल के महत्व पर जोर दिया है।

जनरल पांडे ने सोमवार को लमिलनाडु के वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में 79 वें स्टाफ कोर्स के संकाय और अधिकारियों को संबोधित किया जिनमें मित्रवत देशों के 36 अधिकारी भी शामिल थे। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, भू–रणनीतिक परिदृश्य, उभरते परिदृश्य और सेना में सुधार संबंधी पहलों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी बात रखी। भविष्य के युद्धों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विघटनकारी प्रौद्योगिकियां पारंपरिक युद्ध को नया आकार दे रही हैं। उन्होंने अंतरिक्ष, साइबर, इलेक्ट्रो–मैग्नेटिक स्पेक्ट्रम और सूचना सहित नए डोमेन में युद्ध के विस्तार पर चर्चा की।

वैश्विक मंच पर भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने रणनीतिक क्षितिज के विस्तार में भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने की बढ़ती आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने रणनीतिक संतुलन का आह्वान करते हुए रक्षा क्षमताओं में मजबूती और आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर जोर दिया।

जनरल पांडे ने अधिकारियों से सेना में चल रहे परिवर्तन को आगे बढ़ाने का भी आग्रह किया। उन्होंने उनसे संगठनात्मक हितों को हमेशा सर्वोच्च रखते हुए व्यावसायिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए कहा।

# जनता भी जानती है, आयेंगे तो मोदी ही : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वर्धा (महाराष्ट्र)/एजेन्सी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत को पहचान, सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले नरेन्द्र मोदी को 2024 लोकसभा चुनाव के जरिये लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प जनता ले चुकी है। उन्होंने यहां एक चुनावी जनसभा में कहा, उत्तर–दक्षिण, पूरब–पश्चिम हर ओर पूरे देश में एक ही भाव है। आजादी के बाद संभवतः यह पहला आम चुनाव है, जिसके परिणाम के बारे में जनता अवगत है कि आयेंगे तो मोदी ही। दस वर्ष में मोदी जी ने भारत को पहचान, सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि दी है, गरीब कल्याण के अनेक कार्यक्रम किये हैं। इन्हें ध्यान में रखकर विश्वास से कह सकता हूं, कि फिर से आयेंगे तो मोदी ही।

सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी रामदास चंद्रभांजी के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि देश की आजादी का नेतृत्व करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने वर्धा की इस पावन धरा को अपनी कर्मभूमि बनाया था। यहां के जरिये उस समय देश के अंदर विदेशी हुकुमूत के चूलों को हिलाने के लिये जो अभियान प्रारंभ किया गया था, महाराष्ट्र की जनता ने उसके जरिये भारत की स्वाधीनता को नई ऊंचाइयां प्रदान करने में योगदान दिया।

योगी ने कहा कि लोग गर्व से मानते हैं कि भारत दुनिया का सिरमौर है, लेकिन 2014 के पहले ऐसा नहीं था। पहले दुश्मन देश भारत की सीमाओं में घुसते थे। सीमाओं का अतिक्रमण होता था। सरकारें आंखें बंद कर लेती थीं, पर अब ऐसा नहीं होता।

## केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की तीसरी याचिका खारिज

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली तीसरी जनहित याचिका भी सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की एकल पीठ ने आप आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक संदीप कुमार की जहित याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी कि याचिकाकर्ता ने इसे अपना 'व्यक्तिगत प्रचार' के लिए दायर थी।

### सीएए को लेकर राजनाथ ने कहा

# किसी की नागरिकता नहीं जाएगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नामक्कल (तमिलनाडु)/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के लागू होने से किसी भी भारतीय की नागरिकता नहीं जाएगी, भले ही वह किसी भी धर्म से संबंध रखता हो। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर इस मुद्दे को लेकर ''भ्रम पैदा करने'' का आरोप लगाया।

राजनाथ सिंह ने लोकसभा चुनाव में नामक्कल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पी रामलिंगम के समर्थन में यहां एक रोड शो करने के बाद कहा कि भाजपा ने जो वादा किया, उसे हमेशा पूरा किया और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करना, धारा 370 को निरस्त करना एवं सीएए ऐसे ही वादे थे। उन्होंने कहा, हमने नागरिकता अधिनियम का वादा किया था और हमने इसे पूरा किया। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारत के किसी भी नागरिक की नागरिकता नहीं जाएगी – चाहे वह हिंदू हो, मुसलमान हो, ईसाई हो, पारसी हो या यहूदी हो। उन्होंने कहा, द्रमुक और कांग्रेस इस मामले पर भ्रम पैदा कर रहे हैं। तीन तलाक को समाप्त किए जाने पर उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म की ''माताएं और बहनें हमारी माताएं और बहनें'' हैं। राजनाथ सिंह ने कहा, किसी भी धर्म की हमारी माताओं और बहनों पर कोई भी अत्याचार होने पर हम उनके साथ खड़े हैं और हमने तीन तलाक को खत्म करके यह साबित कर दिया है।

# 'परमाणु बम' की धमकी को लेकर दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर 'परमाणु बम' साथ ले जाने का उल्लेख करने पर दो लोगों को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना पांच अप्रैल की है जब गुजरात के राजकोट निवासी जिग्नेश मलानी और कश्यप कुमार ललानी ने अहमदाबाद जाने वाली उड़ान में सवार होने से पहले सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा जांच किए जाने पर आपत्ति जताई। विमानन कंपनी के एक अधिकारी की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक दोनों ने सुरक्षाकर्मी से कहा, तुम क्या करोगे जब कहेंगे कि हम परमाणु बम ले जा रहे हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मलानी और ललानी को विमान एवं उसमें सवार यात्रियों के लिए खतरा पैदा करने के लिए गिरफ्तार कर लिया गया।

# नई दिल्ली-इस्लामाबाद के बीच बातचीत के महत्व पर सऊदी अरब और पाकिस्तान ने जोर दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इस्लामाबाद/जेद्दा/भाषा।** सऊदी अरब और पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे सहित अन्य लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए नई दिल्ली तथा इस्लामाबाद के बीच बातचीत के महत्व को रेखांकित किया है।

यह बात एक संयुक्त बयान में कही गई जो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी शासक प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच सात अप्रैल को मक्का के अल–सफा पैलेस में हुई एक आधिकारिक बैठक के एक दिन बाद जारी किया गया। संयुक्त बयान के अनुसार, उनकी चर्चा सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच भाईचारे वाले संबंधों को मजबूत करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के रास्ते तलाशने पर केंद्रित रही।

बयान में कहा गया कि उन्होंने कश्मीर सहित क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। इसमें कहा गया, दोनों पक्षों ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए दोनों देशों के बीच लंबित मुद्दों, विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर विवाद को हल करने के लिए पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत के महत्व पर जोर दिया। नई दिल्ली का हमेशा यह रुख रहा है कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच एक द्विपक्षीय मुद्दा है तथा किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता या हस्तक्षेप का कोई सवाल ही नहीं है।

# भ्रष्ट कांग्रेस ने गरीबों की जरूरतों को नजरअंदाज किया : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जगदलपुर (छत्तीसगढ़)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने आजादी के बाद से दशकों तक गरीबों की जरूरतों को नजरअंदाज किया और कभी उनका दर्द नहीं समझा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौर में भ्रष्टाचार देश की पहचान बन गई थी लेकिन उन्होंने कांग्रेस के लूट के लाइसेंस को खत्म कर दिया है।

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के छोटे अमाबाल गांव में 'विजय संकल्प शंखनाद' रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर गरीबों की जरूरतों और आजादी के बाद दशकों तक उनके दर्द को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने तुष्टिकरण को लेकर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप है। यह रैली भाजपा उम्मीदवार महेश कश्यप (बस्तर लोकसभा सीट) और भोजराज नाग (कांकेर लोकसभा सीट) के

**मैंने उसके लूट के लाइसेंस को खत्म किया**



समर्थन में आयोजित की गई थी। पिछले वर्ष राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में यह मोदी की पहली जनसभा थी।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा, कांग्रेस की सरकार के समय भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी और भ्रष्टाचार से अगर सबसे ज्यादा नुकसान किसी का होता है तो गरीब का नुकसान होता है। भ्रष्टाचार गरीब का हक मारता है। 2014 से पहले लाखों करोड़ रुपए के घोटाले होते थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता था तो सिर्फ 15 पैसा गांव तक पहुंचता था। यह मैं नहीं कह रहा हूं, कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री (पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जिक्र) ने कहा था कि दिल्ली से हम एक रुपए भेजते हैं तो 15 पैसा ही पहुंचता है। अरे भाई, बताओ ना वह कौन पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मोदी ने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है। भाजपा सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 34 लाख करोड़ रुपए सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा है। दिल्ली से एक रुपए भेजा गया और पूरे 100 पैसे गरीब के खातों में जमा हो गए। एक रुपए भेजने पर 85 पैसे गायब होने के जादू का खेल बंद हो गया है।

मोदी ने कहा कि अब पैसे सीधे लोगों के बैंक खाते में जाते हैं और एक भी पैसा कांग्रेस लूट नहीं पाई। उन्होंने कहा कि अगर देश में कांग्रेस की सरकार होती तो गरीबों के 34 लाख करोड़ रुपए में से 28 लाख करोड़ रुपए लूट लिए जाते। उन्होंने कहा, आजादी के बाद से कांग्रेस समझती थी कि उसे देश को लूटने का लाइसेंस मिला हुआ है। 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस खत्म कर दिया। मोदी यह लाइसेंस इसलिए कैंसिल कर पाया क्योंकि आपने मोदी को लाइसेंस दिया है।

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के कथित लाठी मारने वाले बयान को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा, जब उनकी दुकान बंद हो गई, लूटने का लाइसेंस चला गया तब यह मोदी को गाली देंगे। तब मेरी रक्षा कौन करेगा। यह मेरे कोटि-कोटि देशवासी, मेरी माताएं-बहनें, आज मोदी का रक्षा कवच बन गई हैं। मोदी ने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, जब बिचौलियों की कमाई बंद की तब से यह मोदी पर भड़के हुए हैं।

## नायडू ने दिव्यांगों के लिए 6000 रुपए प्रतिमाह पेंशन देने का वादा किया



**सत्तेनपल्ली (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को वादा किया कि यदि उनकी पार्टी सहयोगी भाजपा और जनसेना के साथ आंध्र प्रदेश में सरकार बनाती है तो वह दिव्यांगों को 6000 रुपए प्रतिमाह कल्याण पेंशन देगी। पालनाडू जिले के सत्तेनपल्ली में नायडू ने कहा कि उन्होंने दिव्यांगों के कल्याण एवं आत्मसम्मान को हमेशा महत्व दिया। नायडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, सत्तेनपल्ली में दिव्यांगों ने मुझसे भेंट की और मुझे प्रतिवेदन दिया। उनके अनुरोध के अनुसार मैंने उनसे वादा किया कि तेदेपा-जनसेना-भाजपा गठबंधन के सत्ता में आने पर हम उन्हें प्रति माह 6000 रुपए देंगे। पूर्व मुख्यमंत्री नायडू ने आरोप लगाया कि वाईएसआरसीपी ने उन योजनाओं को निरस्त कर दिया जिन्हें तेदेपा ने दिव्यांगों के लिए लागू किया था।



## जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में तीन-तीन सीट पर चुनाव लड़ेंगी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने सोमवार को ऐलान किया कि वे इस लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख की कुल छह सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस तीन-तीन सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने सीट बंटवारे की घोषणा की। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेंगी तथा दोनों तीन-तीन सीट पर चुनाव लड़ेंगी। ऊधमपुर, जम्मू और लद्दाख लोकसभा सीटों से कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस अनंतनाग, श्रीनगर और बारामूला लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा, हम सबने मिलकर प्रयास किया कि जल्द से गठबंधन किया जाए। यह हो गया है और सबके लिए खुशी का मौका है। इससे पहले पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी तीनों विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडि') का हिस्सा हैं।

## चीन से पर्सनल कंप्यूटर का आयात तीन प्रतिशत घटकर 91.7 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली/भाषा।** देश में चीन से पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) का आयात नवंबर-फरवरी, 2023-24 के दौरान तीन प्रतिशत घटकर 91.7 करोड़ डॉलर का रह गया है। इससे पिछले साल की समान अवधि में चीन से पीसी का आयात 95 करोड़ 2.2 लाख डॉलर का रहा था। आंकड़ों से पता चलता है कि इसी तरह, जुलाई-अक्टूबर, 2023 की तुलना में भी नवंबर-फरवरी के दौरान चीन से आयात घटा है। जुलाई-अक्टूबर, 2023 के दौरान यह 1.75 अरब डॉलर रहा था।

नवंबर-फरवरी, 2023-24 के दौरान दुनिया भर से भारत में पर्सनल कंप्यूटर का आयात भी सालाना आधार पर 55 प्रतिशत घटकर 1.06 अरब डॉलर का रह गया। पिछले साल 19 अक्टूबर को, सरकार ने लैपटॉप और कंप्यूटर के आयात पर प्रतिबंधों में बदलाव किया। इसके तहत आयातकों को मात्रा और मूल्य का विवरण मात्र से विदेशों से आईटी हार्डवेयर के आयात की अनुमति दी गई थी। नई 'आयात प्रबंधन प्रणाली' का उद्देश्य बाजार की आपूर्ति को नुकसान पहुंचाए बिना या बोझिल लाइसेंसिंग व्यवस्था बनाए बिना देश में लैपटॉप, टैबलेट और कंप्यूटर के आयात की निगरानी करना था।

## गर्जिया देवी मंदिर परिसर में आग से 35 दुकाने जलकर खाक

**नैनीताल/भाषा।** उत्तराखंड में नैनीताल जिले के रामनगर में प्रसिद्ध गर्जिया देवी मंदिर परिसर में सोमवार को आग लग गई जिससे वहां स्थित 35 दुकानें जलकर खाक हो गईं। पुलिस ने बताया कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। रामनगर पुलिस थाना के अधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि दुकानदार कल से शुरू हो रहे नवरात्र की तैयारी में जुटे थे और इसी दौरान एक प्रसाद की दुकान में आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग जल्द ही अन्य दुकानों में फैल गई और इसकी चपेट में आकर कुल 35 दुकानें जलकर खाक हो गईं। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है।

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला: न्यायालय ने पूर्व आईएएस अधिकारी और बेटे के खिलाफ ईडी का मामला रद्द किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ में 2,000 करोड़ रुपए के कथित शराब घोटाले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश के खिलाफ धन शोधन का मामला सोमवार को रद्द करते हुए कहा कि अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह उल्लेख करते हुए पिता-पुत्र के खिलाफ शिकायत रद्द कर दी कि उनपर मुख्य अपराध का कोई मामला नहीं है और ना ही धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कोई मामला बनता है। पीठ ने कहा, चूंकि कोई अपराध नहीं हुआ है इसलिए पीएमएलए की धारा 2 (यू) के तहत परिभाषित अपराध से संपत्ति अर्जित नहीं हो सकती। यदि अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई है, तो पीएमएलए के तहत अपराध का मामला नहीं बनता है।

## सरकार की नीतियों को लेकर सवाल उठाने पर 'राष्ट्र विरोधी' कहलाना सम्मान की बात : कन्हैया कुमार



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा है कि मोदी सरकार 'राष्ट्र विरोधी' का स्टिकर लेकर घूम रही है और जो भी उसके खिलाफ तथा उसके मन की बात नहीं करता, उसके ऊपर यह चिपका दिया जाता है। कुमार ने 'पीटीआई' मुख्यालय में समाचार एजेंसी के संपादकों के साथ बातचीत में कहा कि मौजूदा सरकार की नीतियों को लेकर सवाल उठाने पर 'राष्ट्र विरोधी' कहलाना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि आज इस दौर में अगर किसी को राष्ट्र विरोधी नहीं कहा जा रहा है, तो वह यह मानकर चले कि राष्ट्र के लिए कुछ अच्छा नहीं कर रहा है।

कुमार ने कहा कि 'आजादी' का नारा आज भी प्रासंगिक है और कल भी रहेगा तथा जब गुलामी की बात होगी, तो आजादी की बात की जाएगी। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष ने जेएनयू से जुड़े उनके जैसे नेताओं को एक तबके द्वारा 'राष्ट्र विरोधी' कहे जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा, यह सम्मान की बात है। यह बुरा लगने वाली बात नहीं है। अगर आप कुछ काम कर रहे हैं, जिसको लेकर आप दृढ़ संकल्पित हैं कि यह सही है, तो उस काम से जिनको फर्क पड़ता है, वो बुरा-भला कहेंगे ही। अगर मुझे कोई अपना दुश्मन समझता है, तो मेरी प्रशंसा तो नहीं करेगा, मेरे बारे में बुरा ही कहेगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कोई आपको तकलीफ पहुंचाना चाहता है, तो उसकी पहली शर्त यह है कि आप तकलीफ महसूस नहीं करें। कुमार ने दावा किया, आज की तारीख में सरकार से जो भी सवाल करे, चाहे वो राजनीतिक व्यक्ति हो या न हो, किसी पेशे से जुड़ा हो, उसको यह 'बैज ऑफ ऑनर' दिया जा रहा है। कुछ दिनों पहले यह किसानों को दिया जा रहा था, इससे पहले पत्रकारों को दिया जा रहा था। यह सरकार समय-समय पर 'बैज ऑफ ऑनर' देती रहती है।

## आरबीआई रिपोर्ट: जलवायु परिवर्तन से पैदा होती हैं मौद्रिक नीति के लिए चुनौतियां

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया कि जलवायु परिवर्तन के कारण बार-बार लगने वाले मौसम के झटके मौद्रिक नीति के लिए चुनौतियां पैदा करते हैं। इससे आर्थिक वृद्धि के लिए भी जोखिम भी पैदा होते हैं।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति रिपोर्ट - अप्रैल 2024 में कहा गया है कि वैश्विक औसत तापमान बढ़ रहा है और चरम मौसम की घटनाओं (ईडब्ल्यूई) में भी वृद्धि हो रही है। वैश्विक ताप वृद्धि का आर्थिक और सामाजिक प्रभाव तेजी से स्पष्ट हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि जलवायु परिवर्तन ने मौसम के झटकों की संख्या और तीव्रता को बढ़ा दिया है, जिससे मौद्रिक नीति के लिए चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।आरबीआई ने कहा कि कृषि उत्पादन और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करने वाली प्रतिकूल मौसम की घटनाओं से मुद्रास्फीति सीधे प्रभावित होती है। इस तरह जलवायु परिवर्तन का असर ब्याज दर पर भी देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट में कहा गया, इन कारणों से, केंद्रीय बैंक अपने मॉडल ढांचे में जलवायु जोखिमों को स्पष्ट रूप से शामिल कर रहे हैं।



## 'आप' को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना चाहती है भाजपा : आतिशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

'आप' को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना चाहती है भाजपा : आतिशी

नई दिल्ली/भाषा। आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उसे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना चाहती है। उसका यह बयान तब आया है जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक से पूछताछ की है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार से भी सोमवार को इसी मामले में पूछताछ की गई। ईडी इस मामले में पहले भी कुमार और पाठक से पूछताछ कर चुकी है।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा, भाजपा किसी भी कीमत पर 'आप' को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना चाहती है। यह भाजपा की राजनीतिक साजिश है।

'आप' के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने आरोप लगाया कि भाजपा ने ''नेताओं की एक सूची बनायी है और वे पूरी पार्टी को जेल में डालना चाहते हैं ताकि वे मुकाबले में अकेले रहें।



## निर्वाचन आयोग के बाहर धरने पर बैठे टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदलने की मांग को लेकर सोमवार को यहां निर्वाचन आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठे तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए निर्वाचन आयोग (ईसी) की पूर्ण पीठ से मिलने के बाद धरने की घोषणा की थी।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष, विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व सांसद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास और पार्टी की छात्र शाखा की पश्चिम बंगाल

**सेन ने कहा कि हम निर्वाचन आयोग से सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का करेंगे अनुरोध**

इकाई के उपाध्यक्ष सुदीप राहा को हिरासत में ले लिया गया। तृणमूल कांग्रेस आरोप लगा रही है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार के इशारे पर विपक्षी दलों को निशाना बना रही हैं।

सेन ने नई दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले कोलकाता हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा, भाजपा हमारे खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। जिस तरह से एनआईए, ईडी और सीबीआई काम कर रही हैं तथा टीएमसी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है, वह शर्मनाक है। हम निर्वाचन आयोग से सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का अनुरोध करेंगे।

## अगले 15 दिनों में भाजपा में शामिल होऊंगा : खडसे



**मुंबई/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधान पार्षद एकनाथ खडसे ने संकट के दौरान मदद करने के लिए पार्टी प्रमुख शरद पवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि वह अगले 15 दिनों में अपने मूल संगठन भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे।

वरिष्ठ नेता खडसे को भूमि सौदे के एक मामले के कारण 2016 में पूर्ववर्ती देवेंद्र फडणवीस कैबिनेट से मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

एक समय महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के सबसे बड़े नेताओं में से एक खडसे को लगभग पांच साल के लिए राजनीतिक रूप से हाशिये पर धकेल दिया गया था। इसके बाद वह 2020 में राकांपा (अविभाजित) में आए और इसके साथ ही उन्होंने भाजपा के साथ उनका 40 सालों का रिश्ता खत्म कर दिया।

रविवार को पत्रकारों से खडसे ने कहा, मैंने भाजपा में वापस जाने का फैसला किया है क्योंकि यह मेरा घर है। मैंने चार दशकों तक पार्टी की सेवा की है। मैं शरद पवार के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने संकट के दौरान मेरी मदद की। उन्होंने कहा, मैंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसे नेताओं से बात की है। मैं अगले 15 दिनों में नई दिल्ली में पार्टी में शामिल होऊंगा। फोन आने के बाद मैं दिल्ली जाऊंगा।

## रुपया डेरिवेटिव बाजार में भारतीय बैंकों को भागीदारी बढ़ाने की जरूरत : दास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को घरेलू और विदेशी दोनों स्तर पर रुपया डेरिवेटिव बाजार में भारतीय बैंकों को विवेक के साथ अधिक भागीदारी करने की जरूरत पर बल दिया। दास ने बार्सिलोना में आयोजित एफआईएमएमडीए-पीडीएआई सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि डेरिवेटिव बाजारों में भारत के घरेलू बैंकों की भागीदारी सिर्फ सक्रिय बाजार निर्माताओं के एक छोटे समूह तक सीमित है। हालांकि, वैश्विक बाजारों में भारतीय बैंकों की भागीदारी बढ़ रही है लेकिन यह काफी कम है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, घरेलू बैंक अंतिम ग्राहकों के बजाय वैश्विक बाजारों में बाजार-निर्माताओं के



साथ काम कर रहे हैं और वैश्विक स्तर पर रुपए डेरिवेटिव के बाजार-निर्माताओं के रूप में उभरे हैं।

हालांकि, इसके साथ आरबीआई गवर्नर ने बैंकों को इस दिशा में कदम बढ़ाने के पहले जरूरी जांच-परख करने और जोखिम उठाने की अपनी क्षमता का आकलन करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान विवेकपूर्ण रहते हुए घरेलू और विदेशी दोनों तरह के रुपया डेरिवेटिव बाजारों में भारतीय बैंकों की भागीदारी को बढ़ाने और व्यापक बनाने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक के हालिया वित्तीय बाजार सुधारों का उद्देश्य बाजारों को अगले पथ पर ले जाने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करना, लागत प्रभावी हेजिंग विकल्प देना और वैश्विक बाजारों में प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करना है।

दास ने कहा कि मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता पर काम जारी है और अभी बहुत कुछ करने की गुंजाइश है। उन्होंने कहा, खुदरा ग्राहकों को अब भी बड़े ग्राहकों के बराबर सौदा नहीं मिलता है। एनडीएस-ओएम पर छोटे सौदों के लिए प्रभावी बाजार-निर्माण और बेहतर मूल्य निर्धारण की जरूरत है।

दास ने कहा कि छोटे और बड़े ग्राहकों के लिए विदेशी मुद्रा विनिमय बाजारों में मूल्य निर्धारण में अंतर परिचालन संबंधी विचारों से उचित ठहराया जा सकता है। बैंकों को विदेशी मुद्रा खुदरा मंच के उपयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है।

## भारत पांच देशों को समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा : आईएमडी प्रमुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ ही मॉरीशस को भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा है ताकि वह मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के कारण जान-माल के नुकसान को कम कर सकें। आईएमडी के महानिदेशक महापात्र ने 'पीटीआई' के संपादकों के साथ बातचीत में कहा कि भारत मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के प्रभाव से बचाव के प्रयासों में नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और मॉरीशस के लिए बड़ा भाई और एक सलाहकार की भूमिका निभाएगा।

भारत के प्रयास संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2022 में घोषित 'सभी के लिए समय-पूर्व चेतावनी' का हिस्सा हैं जिसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि 2027 के अंत तक पूर्व चेतावनी प्रणालियों के माध्यम से सबको खतरनाक मौसम, पानी या जलवायु संबंधी घटनाओं से सुरक्षित किया सके। महापात्र ने कहा कि भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली स्थापित करने की पहल के प्रथम चरण के तहत दुनिया भर में चिह्नित किए गए 30 देशों में से पांच की मदद कर रहा है। आईएमडी प्रमुख ने कहा, पचास प्रतिशत देशों के पास समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली नहीं है। गरीब देशों, अल्प विकसित देशों और छोटे द्वीप देशों- उदाहरण के लिए मालदीव और सेशेल्स के पास मौसम संबंधी चरम घटनाओं के बारे में समय-पूर्व चेतावनी देने की क्षमता नहीं है। इस वजह से आपदाओं के कारण लोगों की मौत हो रही है और संपत्ति को भी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन देशों को अपने मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता की जरूरत है। महापात्र के मुताबिक, सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी और भारत जैसे देशों ने तकनीकी सहायता प्रदान करने का वादा किया है। आईएमडी प्रमुख ने कहा, हम इन पांच देशों को मौसम संबंधी वेधशालाएं स्थापित करने में मदद करेंगे तथा उन्हें हमारे संख्यात्मक मॉडल तक पहुंच की अनुमति देंगे। महापात्र ने कहा कि आईएमडी पूर्वानुमान और चेतावनी से जुड़ी जानकारी मुहैया करेगा और संबंधित देशों के संचार मंत्रालयों को डेटा आदान प्रदान और चेतावनी की सूचना देने के लिए एक प्रणाली विकसित करने में मदद के वास्ते इसमें शामिल किया गया है।



## मुस्लिम लीग के 'गुप्त एजेंडे' की साझेदार बन गई है कांग्रेस : नकवी



**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस, मुस्लिम लीग के गुप्त एजेंडे की साझेदार बन गई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परिश्रम का परिणाम और तपस्या की ताक़त है जिसने भाजपा को सुशासन की स्वभाविक, सर्वमान्य राजनीतिक पार्टी बना दिया है।

नकवी ने आरोप लगाया, काग्रेस, देश में बिखराव, टकराव, बंटवारे की गुनाहगार 'मुस्लिम लीग, के गुप्त एजेंडे की साझेदार बन गई है जो साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की आफ़त से समावेशी सशक्तीकरण की ताक़त का अपहरण करना चाहती है। उनका कहना था कि मोदी सरकार का 10 साल समाज के सभी वर्गों के लिए सुरक्षा, समृद्धि, समावेशी सशक्तीकरण का स्वर्णिम समय साबित हुआ है।

# द्रमुक व कांग्रेस को कच्चातिवू पर स्पष्टीकरण देना चाहिए : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि 1974 में कच्चातिवू द्वीप श्रीलंका को सौंपे जाने के बारे में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और कांग्रेस को स्पष्टीकरण देना चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना किए जाने पर ठाकुर ने पूछा कि स्टालिन राज्य में मोदी के दौरे की संभावना से क्यों कांप रहे हैं।

ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मछुआरों को सब्सिडी, नीतियों और कार्यक्रमों सहित बहुत कुछ दे रहे हैं, दूसरी तरफ द्रमुक और कांग्रेस ने कच्चातिवू श्रीलंका को दे दिया। भाजपा नेता ने कहा, उन्हें (द्रमुक और कांग्रेस) खुलकर सामने आना चाहिए और इस पर जवाब देना चाहिए। लंका को कच्चातिवू देने के लिए कौन जिम्मेदार है? द्रमुक और कांग्रेस इस पर चुप क्यों हैं? उन्होंने श्रीलंका को जमीन का एक महत्वपूर्ण टुकड़ा क्यों दिया और मछुआरों तथा तमिलों की भावनाओं को ठेस क्यों पहुंचाई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के बारे में मुख्यमंत्री के बयानों से पता चलता है कि वह मोदी के तमिलनाडु आने से कितने घबराए हुए हैं। ठाकुर ने पूछा कि स्टालिन राज्य में मोदी के दौरे की संभावना से क्यों कांप रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्टालिन को मोदी के दौरे से खुश होना चाहिए क्योंकि तमिलनाडु, इसकी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और इतिहास से प्रेम करने वाले प्रधानमंत्री से तमिलनाडु के लोग प्यार करते हैं।

उन्होंने काशी तमिल संगमम के आयोजन और नए संसद भवन में सेंगोल स्थापित किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह राज्य और इसके लोगों के प्रति मोदी के प्रेम के उदाहरणों में शामिल है। ठाकुर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पूरे देश में लोगों की राय को देखते हुए भाजपा इस बार आसानी से 400 से अधिक सीट जीत लेगी। उन्होंने कहा, लोग मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते देखना चाहते हैं ताकि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके।

**मुलाकात** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



भाजपा राष्ट्रीय भाषा कोष के उत्तर चेन्नई के उपाध्यक्ष एवम अंतर्राष्ट्रीय गौ माता महासंघ नई दिल्ली के तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष अशोक रांका ने चुनाव प्रचार हेतु चेन्नई आए केंद्रीय सूचना एवम प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात कर भाषा कोष द्वारा किए जा रहे चुनावी कार्यों की जानकारी दी एवं उन्हें चुनावी कार्यों के लिए मार्गदर्शन देने के लिए अनुरोध किया।

## फर्जी खबरों से निपटने, मीडिया की अखंडता बनाए रखने की आवश्यकता है : अनुराग ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** मीडिया में फर्जी खबरों के प्रसारण पर चिंता जाहिर करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को इस समस्या से सक्रिय तरीके से निपटने अैर मीडिया की अखंडता बनाए रखने के लिए ठोस प्रयास करने की अपील की।

ठाकुर ने कहा कि पिछले कुछ समय से रिपोर्टिंग में काफी सनसनीखेज बातें प्रस्तुत की जा रही हैं और कुछ समाचार सामग्री ने विवादों को जन्म दिया है। उन्होंने समाचारों की प्रस्तुति में निष्पक्षता के लिए प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया क्योंकि ''इन्फोडेमिक'' एक खतरा पैदा करेगा।

''इंफोडेमिक' किसी समस्या के बारे में अत्यधिक मात्रा में जानकारी देना है जो आम तौर पर अविश्वसनीय होती है, तेजी से फैलती है और समाधान प्राप्त करना अधिक कठिन बना देती है।

ठाकुर ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन के साथ यहां तमिल जनम टीवी चैनल का उद्घाटन करने के बाद कहा, ''फर्जी या सही खबरों के सत्यापन में संपादकों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। फर्जी खबरें भी चिंताजनक हैं। मीडिया की अखंडता बनाए रखने के लिए इस समस्या से सक्रिय रूप से निपटने की आवश्यकता है।''

जनम मल्टीमीडिया लिमिटेड के मालिकाना हक वाला जनम तमिल केरल में दक्षिणपंथी झुकाव रखने वाले जनम टीवी का विस्तार है। ठाकुर ने कहा कि किसी भी लोकतंत्र में मीडिया की एक महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि उसकी लोगों को जवाबदेह बनाने की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नियमों को आसान बनाया है और प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए दो महीने के भीतर शीर्षक का सत्यापन करना और पंजीकरण उपलब्ध कराना आसान बना दिया है जबकि पहले इसमें दो साल से अधिक का वक्त लग जाता था। बाद में पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सैकड़ों टेलीविजन चैनल अच्छी सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं तथा इसमें एक और चैनल जुड़ने का मतलब नौकरी के अवसर और सरकार के कार्यक्रमों और नीतियों पर ''जागरूकता पैदा करने का अवसर'' उपलब्ध कराना है। इस मौके पर जनम तमिल टीवी के प्रबंध निदेशक मधु ने कहा कि यह समाचार चैनल राष्ट्रीय, धार्मिक और तमिल मामलों पर निष्पक्ष रिपोर्टिंग के प्रति समर्पित है।



## प्रधानमंत्री मोदी दो दिन के तमिलनाडु दौरे पर, रोड शो करेंगे : अन्नामलाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोयंबटूर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. अन्नामलाई ने सोमवार को यहां बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नौ अप्रैल से दो दिन के राज्य दौरे पर आएंगे। अन्नामलाई ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री मंगलवार को चेन्नई में रोड शो करेंगे और बुधवार को दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि चेन्नई में शाम छह बजे रोड शो आयोजित किया जाएगा जो दक्षिण चेन्नई और मध्य चेन्नई लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगा। दक्षिण चेन्नई सीट से भाजपा की तमिलसाइ सुंदरराजन उम्मीदवार हैं जबकि मध्य चेन्नई सीट से पार्टी के विनोज पी सेल्वम द्रमुक के वरिष्ठ नेता दयानिधि मारन के खिलाफ मैदान में हैं।

मोदी बुधवार को वेल्लोर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे जहां वह धर्मपुरी से भाजपा की सहयोगी पार्टी पीएमके की उम्मीदवार सौम्य अंबुमणि और वेल्लोर से पार्टी गठबंधन के उम्मीदवार ए सी षणमुगम के लिए वोट मांगेंगे। षणमुगन भाजपा के चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इसके बाद यहां पास में मेट्टुपालयम पहुंचेंगे जहां वह नीलगिरी से भाजपा उम्मीदवार एल मुरुगन, कोयंबटूर से अन्नामलाई और पोल्लाची से के. वसंतराजन के समर्थन में एक रैली को संबोधित करेंगे। अन्नामलाई ने कहा कि इसके बाद प्रधानमंत्री 12 अप्रैल के बाद दक्षिणी राज्य का फिर से दौरा कर सकते हैं और उनके कार्यक्रम को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

## कल्पना कीजिये चुनाव से पहले कितने लोग जेल में होंगे : न्यायालय ने यूट्यूबर को जमानत देते हुए कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक यूट्यूबर की जमानत बहाल करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को जेल में नहीं डाला जा सकता है। यूट्यूबर पर 2021 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा, ''अगर चुनाव से पहले हम यूट्यूब पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को सलाखों के पीछे डालना शुरू कर देंगे, तो कल्पना कीजिए कि कितने लोग जेल में होंगे?''

पीठ ने आरोपी ए. दुरइमुरुगन सत्तई की जमानत रद्द करने के आदेश को निरस्त कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि आरोपी ने विरोध और अपने विचार व्यक्त करके अपनी अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग नहीं किया। अदालत ने राज्य सरकार के उस अनुरोध को भी खारिज कर दिया, जिसमें सत्तई पर जमानत के दौरान निंदनीय टिप्पणी करने से परहेज की शर्त लगाने की मांग की गई थी।

पीठ मद्रास उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली सत्तई की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने उनकी जमानत रद्द कर दी थी क्योंकि उन्होंने अदालत को दिए गए हलफनामे का उल्लंघन करते हुए स्टालिन के खिलाफ कुछ अपमानजनक टिप्पणियां की थीं।

## ऊचघ के वेल्लोर लोस उम्मीदवार के रिश्तेदार के घर से पैसे जब्त किए चुनाव आयोग ने

**चेन्नई।** निर्वाचन आयोग के फ्लाइंग स्क्वायड ने रविवार देर रात वेल्लोर लोक सभा सीट से डीएमके प्रत्याशी कथिर आनंद के रिश्तेदार के घर से 7.5 लाख रुपए जब्त किए। फ्लाइंग स्क्वायड ने नटराजन के निवास स्थान से ये पैसे जब्त किए हैं, जो कि डीएमके स्टेट सेक्रेटरी और तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री एस दुरईमुरुगन के रिश्तेदार हैं। सूत्रों के मुताबिक, निर्वाचन आयोग के फ्लाइंग स्क्वायड को नटराजन के घर से ही ये पैसे मिले हैं। गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कथिर आनंद के रिश्तेदार के यहां से निर्वाचन आयोग ने 12 करोड़ रुपए जब्त किए थे। इसके बाद राष्टपति ने इस चुनाव को निरस्त कर दिया था। इसके बाद चुनाव दोबारा अगस्त में कराया था और कथिर आनंद 8 हजार मतों से सीट जीतने में सफल रहे। एस दुरईमुरुगन दिवंगत द्रमुक नेता करुणानिधि के करीबी थे। अब उनके बेटे और वर्तमान मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के करीबी हैं।





## द्रमुक, कांग्रेस सीएए पर भ्रम फैला रही हैं : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि द्रमुक और कांग्रेस नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पर लोगों के बीच भ्रम फैला रहे हैं। तमिलनाडु के नमक्कल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष केपी रामलिंगम के समर्थन में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी भारतीय नागरिक की – चाहे वह हिंदू, ईसाई, मुस्लिम, यहूदी या पारसी हो किसी की नागरिकता नहीं छिनेगी।


रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और सीएए के कार्यान्वयन सहित अपने सभी वादों को लागू किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 भी हटा दिया है, जो एक चुनावी वादा था। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसा राजनीतिक दल है जो जनता से किये गये वादों पर हमेशा कायम रहती है और वह अपनी जिम्मेदारियों से कभी पीछे नहीं हटेगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने अपने वादे के मुताबिक तीन तलाक को खत्म कर दिया। किसी भी महिला के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश को हर मोर्चे पर आगे बढ़ाया है और कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी वर्गों के समावेशी विकास के पक्ष में है।

## न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्री पेरियासामी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाई



**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के ग्रामीण विकास मंत्री आई पेरियासामी के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में कार्यवाही पर अगला आदेश दिए जाने तक सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत मंत्री की अपील की समीक्षा कर रही है, इसलिए इस मामले में कार्यवाही पर रोक लगाए जाने की आवश्यकता है।

पेरियासामी ने 26 फरवरी के मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है जिसने मामले में उन्हें आरोपमुक्त करार देने के अधीनस्थ अदालत के आदेश को रद्द कर दिया था। मंत्री की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि शीर्ष अदालत ने पेरियासामी को कार्यवाही स्थगित कराने के लिए अधीनस्थ अदालत से संपर्क करने की स्वतंत्रता दी थी, लेकिन उनका आवेदन खारिज कर दिया गया।

वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, निचली अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय ने सुनवाई पूरी करने के लिए एक समयसीमा तय की है और इसलिए कार्यवाही स्थगित करने के मेरे आवेदन को खारिज कर दिया। इसके बाद पीठ ने चेन्नई की अदालत के समक्ष जारी कार्यवाही पर रोक लगाने का आदेश पारित किया। वकील राम शंकर के माध्यम से दायर आवेदन में पेरियासामी ने चेन्नई की एक अदालत के समक्ष भ्रष्टाचार के मामले में मुकदमे को स्थगित करने और व्यक्तिगत पेशी से छूट देने के लिए शीर्ष अदालत से निर्देश दिए जाने का आग्रह किया था।

## दयानिधि मारन लगातार दूसरी बार सेंट्रल चेन्नई लोकसभा सीट से जीत की कोशिश में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु की सेंट्रल चेन्नई लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के दयानिधि मारन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विनोज पी. सेल्वम से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है, जबकि अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के नेतृत्व वाला गठबंधन और नाम तमिलर काट्ची के उम्मीदवार भी इसी सीट पर मुकाबले को रोचक बना रहे हैं।

तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीटें हैं, जिसमें सेंट्रल चेन्नई छोटे निर्वाचन क्षेत्रों में से एक हैं। यहां मतदाताओं की संख्या 23 लाख से कुछ अधिक है।

इस लोकसभा सीट में विल्लीवक्कम, एग्मोर, हार्बर, चेपक, ट्रिप्लिकेन, थाउजेंड लाइट्स, अन्ना नगर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, उन्हें यहां अनियमित जल आपूर्ति, यातायात जाम, मानसून के दौरान बाढ़ जैसी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सेंट्रल चेन्नई पर सत्तारूढ़ द्रमुक की मजबूत पकड़ है।

प्रमुख द्रमुक नेता और सांसद दयानिधि मारन इस सीट से चौथी बार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में पट्टाली मक्कल काट्ची (पीएमके) के सैम पॉल को भारी अंतर से हराया था। मारन को 4,47,150 मत मिले थे, जबकि पॉल को 1,46,813 वोट मिले थे।

आगामी चुनाव में मारन का मुकाबला भाजपा के राज्य सचिव विनोज पी. सेल्वम से है। दिवंगत अभिनेता विजयकांत की देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कषगम (डीएमडीके) ने बी पार्थसारथी को मैदान में उतारा है। इस चुनाव में वह एआईएडीएमके के सहयोगी के रूप में चुनाव लड़ रही है। अभिनेता-राजनेता सीमान एनटीके ने डॉ. आर कार्तिकेयन को दूसरी बार उम्मीदवार बनाया है। उन्हें 2019 के चुनाव में कुल 30,809 वोट मिले थे।

राजनीतिक पर्यवेक्षक सुमन्त रामन कहते हैं मारन के खिलाफ सत्ताविरोधी लहर है लेकिन वह आसानी से जीत सकते हैं क्योंकि उनके दोनों विरोधी (भाजपा और डीएमडीके के) उम्मीदवार राजनीतिक रूप से मारन की तरह मजबूत नहीं हैं। इसके अलावा सेंट्रल चेन्नई में डीएमडीके और भारतीय जनता पार्टी की अधिक उपस्थिति भी नहीं है।

सेंट्रल चेन्नई निर्वाचन क्षेत्र में कुल 23,58,526 मतदाता हैं, जिसमें पुरुष मतदाता 6,64,076 हैं। वहीं, 6,78,658 महिलाएं और 433 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

## बस दुर्घटना में दो की मौत, 19 घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के श्रीविल्लीपुत्तूर में एक निर्माणाधीन पुल के पास एक तेज रफ्तार बस दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, वहीं 19 लोगों के घायल होने की खबर है। यह दुर्घटना रविवार देर रात हुई। मृतकों की पहचान चेन्नई के के. कार्तिक (20) और कोयंबटूर के वलपराई के एम. मुथुसेल्वी (46) के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक 19 घायलों में से सात को गंभीर चोटें आईं हैं। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में महेश्वरी (37) नाम की महिला का हाथ कट गया। वह मदुरै सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती हैं।

श्रीविल्लीपुत्तूर के पुलिस उपाधीक्षक, मुहेश जयकुमार ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, ''ड्राइवर को यह ध्यान नहीं रहा कि कृष्णनकोइल के पास सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा है। ड्राइवर ने निर्माणाधीन पुल की बाईं ओर अस्थायी सड़क पर जाने के बजाय बस को सीधे पुल पर चढ़ा दिया।'' अधिकारी ने कहा कि ड्राइवर ने पूछताछ के बाद बताया कि अपनी गलती का एहसास होने के बाद उसने तेज रफ्तार बस को बाईं ओर मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन उसने बस से नियंत्रण खो दिया। नियंत्रण खोने के बाद बस पुल और अस्थायी सड़क के बीच गिर गई। लोग घायलों को बचाने के लिए दौड़े और उन्हें खिड़कियों से बाहर निकाला। पुलिस, अग्निशमन विभाग और बचाव सेवा कर्मी भी मौके पर पहुंचे।



# बुजुर्ग बोझ नहीं हमारी संपत्ति है : कोविन्द

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा है कि बुजुर्ग बोझ नहीं बल्कि हमारी सम्पति हैं,वे अनुभव का खजाना हैं। कोविंद सोमवार को उदयपुर में तारा संस्थान के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मां द्रौपदी देवी आनंद वृद्धाश्रम में आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक परिवार में बुजुर्ग की बहुत उपयोगिता होती है। हर काल और समय में उनकी उपयोगिता सार्थक होती है। हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि बुजुर्गों के पास अनुभव का धन और आत्मविश्वास का बल होता है।

उन्होंने कहा, हर परिवार की अपनी अलग कहानियां होती हैं। कोई कहानी छोटी होती है, कोई बड़ी होती है। उन्हें सुनने और सुनाने में ही हमारा जीवन गुजर जाता है। इसलिये हमें यह सोचना चाहिये कि हमने आज तक केवल लिया ही लिया है। हमने समाज को दिया क्या है। जिस दिन आप में देने का भाव आ जायेगा, यकीन मानिये, जितना आनन्द लेने में आ रहा था, उससे दुगुना आनन्द देने में आयेगा।

कोविंद ने मेवाड़ की पवित्र पावन धरती की महानता को दर्शाते हुये कहा कि इस धरती पर महाराणा प्रताप, भामाशाह और मीराबाई जैसी महान विभूतियां हुई हैं। उन्हें देश ही नहीं दुनिया में महानता प्रदान की जाती है। उदयपुर के लोग अपनी सभ्यता और संस्कृति के लिये कभी भी पीछे नहीं हटते हैं। इस धरा की कहानियां प्रेरणादायी हैं। महाराणा प्रताप, भामाशाह और मीराबाई का स्थान भारत के इतिहास में सर्वोच्च है। उन्होंने मानव जीवन की श्रेष्ठतम परम्पराओं को अपने-अपने हिसाब से जिया और निभाया है। महाराणा प्रताप ने प्रजा के साथ ही अपने राष्ट्र और धर्म संस्कृति की रक्षा के लिये घास की रोटी तक खाई, लेकिन इस पर आंच नहीं आने दी।

उन्होंने कहा कि आज तो हम ऐसा सोच भी नहीं सकते, जैसा महाराणा प्रताप ने करके दिखाया था। भामाशाह ने अपने धन का सदुपयोग करते हुये सारा धन राष्ट्र और धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए दान कर दिया। वे चाहते थे कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे और कोई भी गरीबी की वजह से धर्म नहीं छोड़े। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि तारा संस्थान के संचालक भी उन्हीं के वंशज लगते हैं जो आज इतने बड़े स्तर पर बुजुर्गों और पीड़ितों की सेवा में लगे हुये हैं। प्रारंभ में संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष कल्पना गोयल ने कहा कि ऐसा पुनीत कार्य करने की प्रेरणा उन्हें अपने पिता से मिली। पहले वह बुजुर्गों की ऐसी स्थितियां देख कर बहुत भावुक हो जाया करती थी लेकिन धीरे-धीरे इनके साथ रह कर इनकी सेवा करने का अवसर मिला तो अब उनमें हिम्मत ओर हौंसला पैदा हो गया है और इन सभी की सेवा करने में उन्हें आनन्द आता है। पहले इसकी शुरूआत छोटे रूप में की थी और आज यह बड़े रूप में जैसा भी है सभी के सामने है। समारोह में नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक कैलाश मानव ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

इससे पूर्व कोविन्द मां द्रौपदी देवी आनंद वृद्धाश्रम में एक-एक कर बुजुर्गों से मिले और उनसे बातचीत की। उन्होंने कई बुजुर्गों से उनके हालचाल जाने और लगातार यही पूछते रहे, आप यहां कैसा अनुभव कर रहे हैं।

# कोटा में मध्य प्रदेश की महिला से सामूहिक दुष्कर्म, सात आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान के कोटा के रेलवे कॉलोनी इलाके में मध्य प्रदेश की 40 वर्षीय एक महिला के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिहाड़ी मजदूर महिला के साथ शुक्रवार देर रात सात से आठ लोगों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने शनिवार को मामला दर्ज किया और अगले दिन सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी अब भी फरार है। पुलिस ने कहा कि महिला घर लौट रही थी, तभी रात करीब साढ़े आठ बजे तीन-चार लोगों ने उसको घेर लिया। उन्होंने बताया कि वे उसे विद्युत उपकेंद्र के पास एक सुनसान जगह पर ले गए जहां उन्होंने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने तीन-चार दोस्तों को बुलाया और उन्होंने भी उसके साथ दुष्कर्म किया।

पुलिस ने बताया कि जिस रात महिला के साथ दुष्कर्म हुआ, उस रात उसका पति मध्य प्रदेश में अपने पैतृक गांव में था। उसकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज यादव ने कहा कि आठ आरोपियों की पहचान की गई है और सात को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि एक आरोपी अभी फरार है। उन्होंने बताया कि पीड़िता का बयान सोमवार को मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि आठ आरोपियों में से दो की आपराधिक पृष्ठभूमि है।

## एमबीएस अस्पताल में शौचालय में मृत मिला संविदा कर्मचारी

कोटा। राजस्थान के कोटा में महाराव भीम सिंह (एमबीएस) अस्पताल के 32 वर्षीय एक संविदा कर्मचारी का शव शौचालय में पाया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। नयापुरा पुलिस थाने के प्रभारी ने बताया कि रविवार देर शाम मिले शव पर कोई चोट का निशान नहीं है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही व्यक्ति की मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस के मुताबिक मृतक कुंदन सोलंकी (32) दोस्तपुरा झुग्गी बस्ती का रहने वाला था और वह पिछले सात वर्षों से अनुबंध के आधार पर अस्पताल में काम कर रहा था।




# मोदी की गारंटी एक जुमला है : डोटासरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान दी जा रही 'गारंटी' को 'जुमला' करार देते हुए सोमवार को दावा किया कि देश की जनता को केवल कांग्रेस के 'घोषणापत्र व गारंटियों' पर ही भरोसा है।

डोटासरा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा,देश के प्रधानमंत्री जी कह रहे हैं कि यह 'मोदी की गारंटी' है, लेकिन वह जुमला है, वह झूठ है, वह कभी लागू नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि दो करोड़ लोगों को प्रति वर्ष नौकरी देने का वादा मोदी जी ने किया था जो आज तक पूरा नहीं हुआ, हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख रुपये भेजने की बात भी आज तक जुमला ही है। कांग्रेस नेता के अनुसार, तेलंगाना, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में कांग्रेस ने अपनी सरकार बनने से पहले जो गारंटी दी थी वे वे सारी की सारी गारंटियां पूरी की गई हैं।

डोटासरा ने कहा, कांग्रेस का जो घोषणापत्र है, जो गारंटियां हैं उस पर देश की जनता पूरा विश्वास करती है और मोदी जी के जुमलों और गारंटियों पर कतई विश्वास नहीं है। ... क्योंकि वे केवल चुनाव में आकर भाषण देते हैं और अपनी गारंटी बताते हैं और उसके बाद वे गायब हो जाते हैं। फिर वे चुनाव में ही दोबारा आते हैं। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस ने बांसवाड़ा लोकसभा सीट और बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव में भारतीय आदिवासी पार्टी को समर्थन दिया है क्यों पार्टी आलाकमान को लगा कि वहां पर एक उम्मीदवार होने से ही भाजपा हारेगी।

# नागौर संसदीय क्षेत्र में मिर्धा परिवार का रहा दबदबा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नाथूराम मिर्धा की पोती एवं पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा फिर चुनाव लड़ रही हैं और उनका मुकाबला गत लोकसभा चुनाव में उन्हें शिकस्त देने वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के संयोजक हनुमान बेनीवाल से हैं। हालांकि ज्योति मिर्धा पिछला चुनाव कांग्रेस से लड़ा था और इस बार वह कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में आ गई और वह भाजपा प्रत्याशी के रुप में यहां से फिर चुनाव मैदान में हैं।**

नागौर। राजस्थान में लोकसभा चुनावों में नागौर संसदीय क्षेत्र में अब तक हुए चुनावों में मिर्धा परिवार का दबदबा रहा है और पिछले अठारह चुनावों में सबसे ज्यादा नौ बार इस परिवार के सदस्यों ने बाजी मारी और जिसमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री नाथूराम मिर्धा सर्वाधिक छह बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में मिर्धा परिवार की सदस्य एवं नाथूराम मिर्धा की पोती एवं पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा फिर चुनाव लड़ रही हैं और उनका मुकाबला गत लोकसभा चुनाव में उन्हें शिकस्त देने वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के संयोजक हनुमान बेनीवाल से हैं। हालांकि ज्योति मिर्धा पिछला चुनाव कांग्रेस से लड़ा था और इस बार वह कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में आ गई और वह भाजपा प्रत्याशी के रूप में यहां से फिर चुनाव मैदान में हैं। पिछली बार बेनीवाल ने भाजपा के साथ गठबंधन किया था और इसके बाद चुनाव लड़कर लोकसभा पहुंचे थे। लेकिन बाद में उन्होंने गठबंधन को तोड़ लिया और वह गत विधानसभा में खींवसर से फिर रालोपा उम्मीदवार के रुप में विधायक चुने गए और अब उनका विपक्ष के इंडिया गठबंधन के साथ गठबंधन हुआ हैं और कांग्रेस ने इसके लिए यह सीट बेनीवाल के लिए छोड़ दी है।

नागौर में अब तक लोकसभा के एक उपचुनाव सहित अठारह चुनाव हो चुके हैं उनमें मिर्धा परिवार के नाथूराम मिर्धा वर्ष 1971 एवं 1977 में कांग्रेस एवं वर्ष 1980 में कांग्रेस यू उम्मीदवार के रुप में चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। इसके बाद वह वर्ष 1984 में अपने ही परिवार के सदस्य एवं कांग्रेस प्रत्याशी रामनिवास मिर्धा से चुनाव हार गए थे। इसके बाद नाथूराम मिर्धा ने वर्ष 1989 में जनता दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा और फिर जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने वर्ष 1991 में फिर कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़कर पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे और इसके पश्चात वर्ष 1996 के चुनाव में उन्होंने एक बार फिर कांग्रेस प्रत्याशी के रुप छठी बार सांसद बने।

उनके निधन के बाद वर्ष 1997 में हुए उपचुनाव में उनके पुत्र भानू प्रकाश मिर्धा ने भाजपा प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। यह मिर्धा परिवार की आठवीं जीत थी। इसके बाद वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में ज्योति मिर्धा चुनाव मैदान में उतरी और वह कांग्रेस उम्मीदवार के रुप में जीत हासिल करके पहली बार लोकसभा पहुंची लेकिन मिर्धा परिवार की यह जीत नौवीं जीत थी।

नागौर संसदीय क्षेत्र में अब तक हुए चुनाव में सर्वाधिक ग्यारह बार कांग्रेस ने जीत हासिल की अपना दबदबा बनाया जबकि भाजपा ने तीन बार, स्वतंत्र पार्टी ने दो बार, जनता दल एवं रालोपा ने एक-एक बार चुनाव जीता। इनमें वर्ष 1952 के पहले चुनाव में स्वतंत्र पार्टी के जी डी सोमानी, वर्ष 1957 कांग्रेस के मथुरादास माथुर, 1962 में कांगेस के एस के डे, 1967 में स्वतंत्र पार्टी के एन के सोमानी , 1998 एवं 1999 में कांग्रेस के रामरघुनाथ चौधरी, 2004 में भाजपा के भंवर सिंह डांगावास एवं 2014 सी आर उल्लेखनीय है कि इस बार चुनाव में ज्योति मिर्धा एवं बेनीवाल के अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के गजेन्द्र सिंह राठौड़, राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी (सेक्युलर) एवं अभिनव राजस्थान पार्टी के अशोक चौधरी एवं चार निर्दलीयों सहित नौ उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। इस चुनाव में श्रीमती ज्योति और बेनीवाल के बीच कड़ा मुकाबला होने के आसार हैं।

## अपील



अलवर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव सोमवार को संसदीय क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों एवं वरिष्ठ नागरिकों से मिलकर संवाद किया और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।



# मतदाताओं को जागरूक करने निकाली ऊंटों की रैली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि रैली में पचास ऊंटों के अलावा ऊंट गाड़े भी रखे गए। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान की अब तक की गतिविधियों के बारे में बताया।**

बीकानेर। सजे-धजे ऊंटों के साथ मतदान का संदेश देते रौबीले। कच्छी घोड़ी नृत्य और मशक की सुमधुर लहरियों के बीच उत्सुक आमजन। कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिला, जब जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप प्रकोष्ठ द्वारा रविवार को मतदाता जागरूकता ऊंट रैली निकाली गई। जूनागढ़ के आगे नख-शिख सजे ऊंट आमजन के लिए बेहद खास थे। आगे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की ध्वनि लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी।

जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने इसे हरी झंडी दिखाई। जिला निर्वाचन अधिकारी ऊंट गाड़े पर बैठी और मतदाताओं के बीच पहुंचकर मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। इसी श्रृंखला में यह कार्यक्रम किया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार से ही आओ बूथ चलें अभियान प्रारंभ हुआ। आगामी दिनों में सतरंगी सप्ताह के तहत सघन गतिविधियां होंगी। सभी गतिविधियों का उद्देश्य है कि प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें और दूसरों को प्रेरित करें।

स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी तथा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि रैली में पचास ऊंटों के अलावा ऊंट गाड़े भी रखे गए। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान की अब तक की गतिविधियों के बारे में बताया। रैली यहां से रवाना सार्दुल सिंह सर्किल, एमजी रोड होते हुए फोर्ट स्कूल मैदान पहुंची। रास्ते में बड़ी संख्या में आमजन ने इस रैली को अपने मोबाइल के कैमरों में कैद किया। इस दौरान स्वीप सह प्रभारी हरि शंकर आचार्य, पर्यटन अधिकारी पवन शर्मा, गोपाल जोशी, सुनील जोशी सहित स्वीप प्रकोष्ठ के सदस्य और आमजन मौजूद रहे।



# मतदान दलों पर चुनाव की अहम जिम्मेदारी, सतर्कता से करवाएं संपन्न : पुष्पा सत्यानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चूरू। जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी ने कहा है कि लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदान दलों पर अहम जिम्मेदारी है, इसलिए मतदान दल सतर्कता से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यानी ने रविवार को जिले के घंटेल में होम वोटिंग, तारानगर के बूचावास में मतदान केन्द्र, तारानगर में स्ट्राँग रूम व मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण कर निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यानी ने तारानगर के मां जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय में स्ट्राँग रूम व मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मतदान दल अपने पूर्वाअनुभवों का लाभ उठाएं एवं प्रशिक्षण के दौरान नई जानकारियां सीखें। नियमित रूप से अपने नोटस बनाएं तथा संपादित की जाने वाली गतिविधियों का पूर्वाभ्यास करें।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों को नियमित तौर पर पढ़ें व मास्टर ट्रेनर से विचार-विमर्श करते हुए संशयों को दूर करें। मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न करवाएं। मॉक पोल, सीआरसी करना, ईवीएम वीवीपैट मशीनों को मतदान हेतु तैयार करना आदि प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट रहें व गलतियों से बचें। स्ट्राँग रूम का निरीक्षण कर उन्होंने कहा कि पर्याप्त सर्विलांस सिस्टम की व्यवस्था की जाए तथा मतदान दलों की रवानगी व संग्रहण के दौरान मतदान दलों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क लगाई जाए।

मतदान दलों को मतदान सामग्री व तृतीय प्रशिक्षण के दौरान ख्याल रखें कि मतदान दलों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं रहे। इससे पूर्व बूचावास में मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र पर मतदाताओं के लिए छाया, पेयजल, रैम्प, शौचालय आदि की समुचित सुविधा की जाए। मतदान केन्द्र पर खिड़की, दरवाजे व बिजली व्यवस्था दुरुस्त की जाए ताकि मतदान दिवस को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। इसी के साथ मतदान केन्द्र पर बीएलओ का नाम, महिला व पुरुष मतदाताओं की संख्या, भाग संख्या आदि साइनेज लगाएं जाएं।



# द्रव्यवती नदी प्रोजेक्ट कांग्रेस ने रोका, इसे धरातल पर उतारेंगे : मंजू शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सिविल लाइंस क्षेत्र में अमानीशाह नाले के निकट अनियोजित बसावट के कारण लोगो को परेशानी उठानी पड रही है, सांसद बनने के साथ ही उनका पहली प्राथमिकता प्लान बनाकर सुव्यवस्थित बसावट की रहेगी।**

जयपुर । लोकसभा जयपुर भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने सिविल लाईंस विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर जनसंपर्क किया। उनके जनसंपर्क कार्यक्रम और स्वागत सभाओं में महिलाओं की भारी भीड नजर आई। सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं में मंजू शर्मा के प्रति विशेष लगाव नजर आया। पूरे दिन प्रचार की कमान भी महिलाओं ने ही संभाली और जनसभाओं को भी संबोधित किया। इस दौरान सोडाला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर हुए स्वागत कार्यक्रमों तथा जनसभाओं में मंच भी महिलाओं ने ही संभाला और मंजू शर्मा की जीत के लिए आमजन से भाजपा को वोट देने की अपील की। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कई महिलाएं साफा लगाए भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के साथ कदम से कदम मिलाती नजर आई। दिनभर चले प्रचार कार्यक्रम के तहत करीब एक दर्जन स्थानों पर जनसभाओं का भी आयोजन किया गया।

जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि राज्य में अब डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। सभी लोगों को लोकसभा चुनावों में भाजपा को सभी सीटों पर जीत का तोहफा देना है। उन्होंने कहा कि सिविल लाइंस क्षेत्र में अमानीशाह नाले के निकट अनियोजित बसावट के कारण लोगो को परेशानी उठानी पड रही है, सांसद बनने के साथ ही उनका पहली प्राथमिकता प्लान बनाकर सुव्यवस्थित बसावट की रहेगी। वहीं द्रव्यवती नदी प्रोजेक्ट को पिछले कांग्रेस सरकार ने बंद कर दिया था, इस पर जल्द ही वापस काम शुरू करवाया जाएगा। यह प्रोजेक्ट धरातल पर उतरने के बाद यहां द्रव्यवती नदी के आस पास रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में परिवर्तन आ जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र में यातायात की समस्या के समाधान के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार करने की योजना पर काम होगा जिससे लोगों को बार बार यातायात जाम के कारण होने वाली समस्याओं से निजाद मिल सके। केन्द्र सरकार की योजनाएं गिनाते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे, आईआईटी, एम्स, आईआईएम, हर घर नल जैसी योजनाओं से आम आदमी को फायदा पहुंचा है।

आज 80 करोड़ लोगों को देश में राशन मिल रहा है। 60 करोड़ को 5 लाख का बीमा, 12 करोड़ किसानों को पेंशन, 12 करोड़ परिवारों को शौचालय, 10 करोड़ घरों में उज्वला, ढाई करोड़ लोगों को फ्री बिजली मिल रही है। इन योजनाओं को दायरा तब तक बढता रहेगा जब तक देश और प्रदेश में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को इनका लाभ नहीं मिल जाता।

# प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं और दुनिया में देश का सम्मान बढ़ा है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रामदास तड़स के पक्ष में प्रचार के लिए महाराष्ट्र के वर्धा जिले के हिंगनघाट शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस कभी जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने और 'तीन तलाक' को खत्म करने का साहस जुटा सकती थी? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार भारत को वैश्विक शक्ति बनाना चाहती है।

आदित्यनाथ ने दावा किया कि दूसरी ओर, विपक्ष के पास देश को विकास के पथ पर ले जाने के लिए ''न तो कोई नेता है, न ही नीति और न ही नीयत है। उन्होंने कहा, मोदी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल के दौरान देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं और दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है।



योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी छत्रपति शिवाजी महाराज की 'हिंदवी स्वराज्य' विचारधारा पर काम कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि देश के नागरिक, विशेषकर बेटियां सुरक्षित रहें, इसके ''अराध्यदेव'' का सम्मान हो और विकास नई ऊंचाई पर पहुंचे।

अपनी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए आदित्यनाथ ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है और 2017 में भाजपा के सत्ता में आने से पहले यह दंगों और कर्फ्यू के लिए जाना जाता था।

उन्होंने कहा, पिछले सात वर्षों में उत्तर प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ है। महाराष्ट्र के पालघर में (कोविड लॉकडाउन के दौरान) तीन संतों की हत्या कर दी गई। उप्र में किसी ने ऐसा करने की हिम्मत नहीं की क्योंकि वे जानते हैं कि उल्टा लटका दिया जाएगा।

आदित्यनाथ ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की।

## बिहार में जबरदस्त सत्ता विरोधी लहर : प्रशांत किशोर



**नई दिल्ली/भाषा।** राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कहा है कि बिहार में एक नई पार्टी के लिए असीम संभावनाएं हैं क्योंकि लालू प्रसाद या नीतीश कुमार के नेतृत्व एवं लगभग समान विचारधारा वाले दलों के गठबंधन के 35 साल के शासन के बाद राज्य में ''जबरदस्त सत्ता विरोधी लहर'' है।

किशोर की यह टिप्पणी तब आई है, जब उनके गृह राज्य बिहार में जारी उनकी 'जन सुराज' यात्रा अगले साल के उत्तरार्ध में विधानसभा चुनाव से पहले एक राजनीतिक दल के गठन के साथ समाप्त होने की उम्मीद है। किशोर ने कहा कि एक बार दल का गठन होने पर हर चुनाव लड़ा जाएगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या बिहार में दो मजबूत क्षेत्रीय दलों – लालू प्रसाद के नेतृत्व वाले राजद और नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल (यूनाइटेड) के अलावा भाजपा, वाम दल और कांग्रेस की मौजूदगी के बावजूद एक और राजनीतिक दल के लिए जगह है, इस पर किशोर ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि बिहार में अन्य राज्यों की तुलना में (नई पार्टी के लिए) अधिक जगह है। उन्होंने कहा कि लगभग 35 वर्षों से राज्य में लालू और नीतीश के इर्द-गिर्द गठबंधन बनते रहे हैं और इन दोनों की विचारधारा कमोबेश समान है।

राजनीतिक रणनीतिकार ने कहा कि सामाजिक न्याय, समाजवाद और 'जंगल राज' जैसे मुद्दे इन वर्षों में छाए रहे हैं। उन्होंने कहा, वहां (बिहार) जबरदस्त सत्ता विरोधी लहर है। इन 35 वर्षों में कोई बुनियादी बदलाव नहीं हुआ है।



## 'इंडी' गठबंधन भ्रष्टाचारियों का गठजोड़ : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रामपुर/बिजनौर (उप्र)/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विपक्ष के 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडि) को 'भ्रष्टाचारियों का गठबंधन' करार देते हुए सोमवार को कहा कि यह गठजोड़ बेईमान लोगों को बचाने की जुगत में लगा है।

नड्डा ने रामपुर से पार्टी प्रत्याशी घनश्याम लोधी के समर्थन में आयोजित एक जनसभा में 'इंडि' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाल किले की प्राचीर से कह रहे हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ, वहीं 'इंडी' गठबंधन कह रहा है कि भ्रष्टाचारियों को बचाओ। वह इसी काम में लगा हुआ है।

उन्होंने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, द्रमुक, आम आदमी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा पर विभिन्न घोटाले करने का आरोप लगाते हुए कहा, इन्होंने तीनों लोक में घोटाला किया था। पाताल को भी नहीं छोड़ा, जल और धरती को भी नहीं छोड़ा। नड्डा ने तंज कसते हुए कहा, यह घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों के गठबंधन के सिवाय और कुछ नहीं है। आप बताइए राहुल गांधी जमानत पर हैं कि नहीं, सोनिया गांधी जमानत पर हैं कि नहीं, लालू यादव जामनत पर हैं कि नहीं, द्रमुक के मंत्री जमानत पर हैं कि नहीं, आप बताइए हेमंत जेल में हैं या नहीं हैं, अरविंद केजरीवाल जेल में हैं या नहीं है, मनीष सिसोदिया जेल में है या नहीं है।

उन्होंने कहा, यह सारे घमंडिया गठबंधन के नेता या तो जमानत पर हैं या फिर जेल में हैं। क्या ऐसे लोगों के हाथों में भारत की सत्ता को देना है? भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक और उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना को खांटी परिवारवादी दल बताते हुए कहा कि इन पार्टियों में परिवार के बाद 'फुल स्टॉप' लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों को जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। इनको अपना परिवार बचाना है और भ्रष्टाचार चलाना है।



## अब लोस चुनाव विकास पर लड़े जाते हैं : भूपेन्द्र पटेल

**थराद/भाषा।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि पिछले दस वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रदर्शन ने लोकसभा चुनाव के लिए विकास का एक विमर्श तय किया है, जो पहले जाति और धर्म के आधार पर लड़ा जाता था। पटेल ने बनासकांठा जिले के थराद शहर में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि लोग अब चर्चा कर रहे हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कब बनेगा, जबकि पिछले लोस चुनाव में जाति व धर्म के मुद्दे केंद्र में थे। पहले चुनाव जाति और धर्म के आधार पर लड़े जाते थे। मोदीजी ने (2014 में) सत्ता में आने के बाद, चुनावों का पूरा स्वरूप ही बदल दिया और आज, चुनाव विकास के मुद्दे पर लड़े जा रहे हैं। पिछले आम चुनाव में लोग भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते थे। पटेल ने कहा, हालांकि पिछले दस वर्ष में मोदी के सत्ता में आने के बाद, लोग अब चर्चा कर रहे हैं कि हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कब बनेंगे। वे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए खुद को मानसिक रूप से तैयार कर रहे हैं।

## स्मृति ईरानी का आरोप : राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने के लिए आतंकवादी संगठन का सहारा लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायबरेली (उप्र)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और अमेठी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद स्मृति ईरानी ने केरल की वायनाड सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर चुनाव लड़ने के लिए आतंकवादी संगठन पीएफआई का सहारा लेने का आरोप लगाया है।

अमेठी लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ रहीं ईरानी ने यह भी आरोप लगाया कि अमेठी के लोगों ने 15 साल तक एक ऐसे सांसद को बर्दाश्त किया जिसने उनके लिए कुछ नहीं किया। ईरानी ने सोमवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में यह आरोप लगाया। ईरानी ने कहा, हमें जानकारी मिली है कि राहुल गांधी ने वायनाड में चुनाव लड़ने के लिए आतंकवादी संगठन पीएफआई का सहारा लिया है। जब आप पीएफआई के संदर्भ में आरोपपत्र पढ़ेंगे, तो आपको पता चलेगा कि संगठन ने एक सूची बनाई है जिसमें उसने लिखा है कि हर जिले में कितने हिंदुओं की हत्या करनी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अमेठी के लोगों को बताना चाहिए कि वह ऐसे संगठन की मदद से वायनाड का चुनाव क्यों लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह कुछ दिन पहले वायनाड में थी और वहां उनको पता चला कि राहुल गांधी ने वायनाड को अपना परिवार घोषित कर दिया है। ईरानी ने कहा कि रंग बदलने की बात उन्होंने सुनी थी, लेकिन पहली बार ऐसा देखने को मिला कि लोग अपना परिवार भी बदलते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, कल वायनाड में एक कांग्रेस नेता ने घोषणा की कि राहुल गांधी ने वायनाड को इसलिए चुना क्योंकि उन्हें लगता है कि वायनाड के लोग ज्यादा वफादार हैं। अमेठी की वफादारी का क्या जिसने 15 साल तक एक ऐसे सांसद को बर्दाश्त किया जिसने उनके लिए कुछ नहीं किया? हम सब जानते हैं कि 15 साल में से 10 साल केंद्र में सोनिया जी की सरकार थी और राज्य में सपा की सरकार थी। तब राहुल गांधी ने अमेठी के लिए कुछ नहीं किया।

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी में राहुल गांधी को हरा चुकी ईरानी ने कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं को पता है कि गांधी परिवार अमेठी से चुनाव लड़ने आएगा। सवाल यह है कि नरेन्द्र मोदी अमेठी लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख नागरिकों को राशन भेजते हैं, लेकिन गांधी परिवार प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करता है। सरकारी राशन पाने वाले 19 लाख लोगों को गांधी परिवार का क्या संदेश है?''

## उल्फा (आई) से वार्ता के लिए आगे आने की अपील

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिनसुकिया (असम)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और डिब्रूगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को 'यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (इंडिपेंडेंट) (उल्फा-आई)' से वार्ता के लिए आगे आने तथा संवाद के माध्यम से सभी मुद्दों का हल करने की अपील की। चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने से पहले 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में सोनोवाल ने राज्य में शांति बहाली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के समर्पित प्रयासों का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा, हमने हमेशा चाहा है कि उल्फा वार्ता के लिए आगे आए। सौहार्द्रपूर्ण हल ढूढने के लिए हम मिल-बैठकर बातचीत करें। उन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र में शांति एवं विकास को बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री की कटिबद्धता प्रमुखता से सामने रखी तथा पिछले दशक में मोदी एवं गृहमंत्री द्वारा किए गए गंभीर प्रयासों का हवाला दिया।

नौवहन, पोत एवं जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सोनोवाल ने कहा, पिछले दस सालों के दौरान प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री ने राज्य एवं क्षेत्र में शांति लाने के गंभीर प्रयास किए हैं। उल्फा के वार्ता समर्थक गुट, एनडीएफबी, दिमासा और कार्बी उग्रवादी संगठनों के सभी समूहों के साथ समझौते किए गए हैं। उल्फा का यह वार्ता समर्थक गुट इस साल के प्रारंभ में भंग हो गया। उल्फा (आई) असम में एकमात्र ऐसा उग्रवादी संगठन है जो अबतक वार्ता के लिए आगे नहीं आया है।

## चुनाव के बाद भी बंगाल में और तीन महीने तक तैनात रहे केंद्रीय बल : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को मांग की कि राज्य में लोकसभा चुनाव के बाद भी और तीन महीने के लिए केंद्रीय बलों को तैनात रखा जाना चाहिए। अधिकारी ने निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्ति विशेष पर्यवेक्षक से मुलाकात करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि इससे चुनाव उपरांत हिंसा को रोका जा सकेगा जो 2021 के विधानसभा चुनाव और 2023 के पंचायत चुनाव के बाद देखने को मिली थी। उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में राज्यपाल सी.वी.आनंद बोस, राज्य के मुख्य सचिव और केंद्रीय गृह सचिव को पत्र लिखेंगे। अधिकारी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि यह उनकी 'पराजयवादी मानसिकता' दिखाती है।

## पश्चिम बंगाल पुलिस ने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

**बनगांव (प.बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर के खिलाफ उनकी चाची और तृणमूल कांग्रेस सांसद ममता बाला ठाकुर की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की है। ममता बाला ने आरोप लगाया है कि शांतनु जबरन उस मकान पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं जिसमें उनके समुदाय की कुलमाता मानी जाने वाली शांतनु की दादी बीनापानी देवी पांच साल पहले अपनी अंतिम सांस तक वहां रहीं। बीनापानी देवी को लोग प्रेम से 'बोड़ो मां' कहते थे। केंद्रीय पोत, पत्तन परिवहन एवं जलमार्ग राज्य मंत्री ने आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने कहा, ममता बाला ठाकुर ने खुद उस मकान पर जबरन कब्जा किया है जबकि मैं उसका कानूनी वारिस हूं। गायघाट के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा'को बताया, ममता बाला ठाकुर की शिकायत के आधार पर जबरन घर में घुसने सहित विभिन्न धाराओं के तहत शांतनु ठाकुर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## सभी विपक्षी नेताओं को सलाखों के पीछे डालना है 'मोदी की गारंटी' : ममता



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के, चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के वादे का अभिप्राय है कि विपक्षी नेताओं को लोकसभा चुनाव के बाद सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने आरोप लगाया, भाजपा पूरे देश को जेल में तब्दील कर रही है। उन्होंने गिरफ्तार तृणमूल नेताओं की पत्नियों से अपने पतियों के समर्थन में सड़क पर उतरने का आह्वान किया। देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है और सात चरणों में होने वाले मतदान की शुरुआत 19 अप्रैल को पहले चरण से होगी जबकि चार जून को मतगणना होगी। केंद्रीय एजेंसियों पर अपना हमला जारी रखते हुए ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की टीम स्थानीय पुलिस को सूचित किए बिना पूर्वी मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर गई थी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री चुनावी सभा को संबोधित करने पश्चिम बंगाल आ रहे हैं। मुझे इससे कोई समस्या नहीं है, लेकिन जिस तरह से वह कह रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भ्रष्टाचार को लेकर विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, वह अस्वीकार्य है। मोदी ने रविवार को उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी में रविवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया था कि वह 'भ्रष्टाचार हटाने' की बात करते हैं जबकि विपक्ष 'भ्रष्टाचार बचाने'की बात करता है।

## संभल में चोर ग्रामीण बैंक के चार लाख रुपए लेकर फरार, मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**संभल (उप्र)/भाषा।** संभल के नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित ग्रामीण बैंक में रात के समय घुसकर चोरों ने करीब चार लाख रुपए चुरा लिए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी और बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि सोमवार सुबह थाना नखासा क्षेत्र के अंतर्गत देहपा के ग्रामीण बैंक के प्रबंधक ने सूचना दी की रविवार की रात बैंक में चोर घुस गए थे। इसके बाद तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने श्वान दल (डॉग स्क्वायड) की मदद से घटना स्थल का निरीक्षण किया। बैंक प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तीन व्यक्ति खिड़की के जरिये बैंक के अंदर घुसे और स्ट्रॉन्ग रूम की अलमारी से नकदी से भरा बॉक्स चोरी करके फरार हो गए। इस बॉक्स में करीब चार लाख रुपए होने का अनुमान है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से कुछ सुराग मिले हैं और जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## मोंटे कार्लो मास्टर्स : सुमित नागल ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मोंटे कार्लो/भाषा।** सुमित नागल एटीपी मास्टर्स क्लेकोर्ट टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ का एकल मैच जीतने वाले भारत के पहले खिलाड़ी बन गए जिन्होंने सोमवार को यहां दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराया।

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिये एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5 . 7, 6 . 2, 6 . 4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर है।

इस सत्र में नागल ने दूसरी बार शीर्ष 50 में शामिल किया खिलाड़ी को हराया है। उन्होंने सत्र की शुरूआत में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी। इसके अलावा मार्च 2021 में विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज चिली के क्रिस्टियन गारिन को हराया था। नागल ने क्वालीफाइंग दौर के पहले मैच में इटली के 63वीं रैंकिंग वाले फ्लावियो कोबोली को और फिर अर्जेंटीना के 55वीं रैंकिंग वाले डियाज एकोस्टा को हराया था।

# कोहली की उपयोगिता स्ट्राइक-रेट से परे, टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए : लारा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**बेंगलूरु/भाषा।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में शानदार लय में होने के बाद भी भारतीय दिग्गज विराट कोहली को धीमीस्ट्राइक-रेट से रन बनाने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है लेकिन वेस्टइंडीज के पूर्व महान बल्लेबाज ब्रायन लारा ने आगामी टी20 विश्व कप में उन्हें टीम में शामिल करने की वकालत करते हुए कहा कि उनकी उपयोगिता स्ट्राइक-रेट से परे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु के बल्लेबाज कोहली ने जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 67 गेंदों में शतक बनाया जो 2009 में मनीष पांडे के साथ इस टूर्नामेंट का सबसे धीमा शतक है।

लारा ने 'स्टार स्पोर्ट्स' के 'प्रेस रूम' कार्यक्रम में कहा, स्ट्राइक-रेट बल्लेबाजी क्रम पर पर निर्भर करता है, और एक सलामी बल्लेबाज के लिए 130-140 का स्ट्राइक-रेट बुरा नहीं है। लेकिन अगर आप मध्यक्रम में आ रहे हैं तो आपको 150 या 160 के स्ट्राइक-रेट से रन बनाने की आवश्यकता हो सकती है। जैसा कि आपने इस आईपीएल में देखा है, बल्लेबाज एक पारी के आखिरी ओवरों में 200 के स्ट्राइक-रेट से रन बना रहे हैं। उन्होंने कहा, कोहली जैसा सलामी बल्लेबाज आम तौर पर 130 के स्ट्राइक-रेट से पारी का आगाज करता है और फिर उसके पास 160 की स्ट्राइक रेट के साथ पारी खत्म करने का मौका होता है।

लारा ने कहा कि टी20 विश्व कप में कोहली और रोहित के साथ पारी की शुरुआत करना एक आकर्षक विकल्प हो सकता है, लेकिन उन्होंने इस स्थान के लिए एक अनुभवी खिलाड़ी के साथ एक युवा को आजमाने की वकालत की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि रोहित और विराट का वेस्टइंडीज (विश्व कप के लिए)में सलामी बल्लेबाज के रूप में जाना भारत के लिए बहुत अच्छा रहेगा। मैं हालांकि मानता हूं कि पारी की शुरुआत में आपके कोई युवा खिलाड़ी होना चाहिए और इन अनुभवी खिलाड़ियों में से एक के पास मध्यक्रम में पारी को संवारने की जिम्मेदारी होनी चाहिए। इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा, ये अनुभवी खिलाड़ी अगर जल्दी आउट हो जाते है तो इससे टीम पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए मैं रोहित और विराट में से एक को शीर्ष क्रम और दूसरे को तीसरे क्रम पर इस्तेमाल करूंगा।

## लोगों की अपेक्षाओं से अच्छा महसूस करता हूं, इसे दबाव की तरह नहीं लेता : यश ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** कई लोगों के विपरीत यश ठाकुर को अपेक्षाओं का बोझ पसंद है इसलिए मयंक यादव के चोटिल होने के बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान लोकेश राहुल ने जब उनमें मैच विजेता देखा तो इस युवा तेज गेंदबाज को इससे आत्मविश्वास मिला और उन्होंने आईपीएल में पहली बार पारी में पांच विकेट चटकाए। विदर्भ के 25 वर्षीय तेज गेंदबाज यश पर उस समय सभी का ध्यान केंद्रित हो गया था जब तेज गेंदबाज मयंक की मांसपेशियों में रविवार रात यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान खिंचाव आ गया और उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा।

यश ने इसके बाद 30 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिसमें गुजरात के कप्तान शुभमन गिल का विकेट भी शामिल था। उन्होंने आईपीएल में पहली बार पांच विकेट चटकाए जिससे उनकी टीम ने गुजरात टाइटंस को 33 रन से हराया। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। यश ने इस आईपीएल में सबसे तेज गेंद फेंकने वाले अपने साथी खिलाड़ी के बारे में कहा, मयंक एक असाधारण खिलाड़ी है और वह जिस गति से गेंदबाजी करता है। मैं अपनी सीमाएं जानता हूं और मैं अपनी ताकत भी जानता हूं और मैं केवल अपनी ताकत के अनुसार खेलता हूं।

मयंक के बारे में अपडेट देते हुए यश ने कहा कि उनका साथी अच्छा कर रहा है। उन्होंने कहा, चिंता की कोई बात नहीं है। सब अच्छा है।

## सुविचार

**दुनिया की सबसे अच्छी किताब, हम स्वयं हैं खुद को समझ लीजिए, सब समस्याओं का समाधान हो जाएगा।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# भ्रम में न रहे पाक

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की 'आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर' मार गिराने संबंधी टिप्पणी पर पाकिस्तान का बौखलाना 'चोर की दाढ़ी में तिनका' को चरितार्थ करता है। भारतीय रक्षा मंत्री ने यह तो नहीं कहा कि हमारी सेनाएं अकारण ही किसी देश की सीमाओं का उल्लंघन करेंगी! फिर पाकिस्तान को इस पर क्या आपत्ति है? क्या वह स्वीकार करता है कि उसके यहां आतंकवादी छुपे बैठे हैं? उसे तो भारत का एहसान मानना चाहिए कि जो खूंखार आतंकवादी अब उसके लिए ही सिरदर्द बन चुके हैं, उनका संहार करने में भारतीय सुरक्षा बल हर प्रकार से सक्षम और समर्थ हैं। निस्संदेह भारत ने कभी किसी देश की जमीन नहीं हड़पी और न किसी पर आक्रमण की पहल की। अगर पाकिस्तान के सन्दर्भ में ही देखें तो वर्ष 1947, 1965, 1971 और 1999 जैसे युद्धों में पहला वार उसकी ओर से ही हुआ था। भारत ने तो आत्मरक्षा के लिए जवाब दिया था। पाकिस्तान की ओर से बार-बार हमलों, आतंकवादी घटनाओं के बाद भारत का मिज़ाज बदल गया है, जो स्वाभाविक है। राजनाथ सिंह के शब्दों पर आपत्ति जताने के बजाय पाक को यह समझना होगा कि अगर उसकी ओर से ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जाता है तो भारत के पास आत्मरक्षा के लिए जवाब देने का अधिकार सुरक्षित है। वर्ष 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर स्ट्राइक के बाद दुनिया के रुख से यह स्पष्ट हो चुका है। उक्त दोनों कार्रवाइयों के बाद पाकिस्तान ने खूब शोर मचाया था, दुनिया के सामने खुद को पीड़ित दिखाकर सहानुभूति पाने की कोशिश की थी, लेकिन एक-दो देशों के अलावा उसके पक्ष में किसी ने बयान नहीं दिया था। पाकिस्तान जानता है कि अतीत में भारत की अति-उदारता का उसने भरपूर फायदा उठाया है। उसने भारत पर युद्ध थोपे, अनगिनत आतंकवादी हमले किए, लेकिन इनके बदले उसे बहुत बड़ी कीमत नहीं चुकानी पड़ी थी। इससे वह उद्दंड बन गया।

पिछले कुछ वर्षों से भारत के रुख में काफी सख्ती देखने को मिल रही है। अब पाकिस्तान को कीमत चुकानी पड़ रही है। उसकी अर्थव्यवस्था खस्ता-हाल है। उसके पूर्व सेना प्रमुख जनरल बाजवा भी स्वीकार कर चुके हैं कि पाक फौज के पास पर्याप्त ईंधन तक नहीं है। ऐसे में यह पड़ोसी देश बड़ा युद्ध नहीं लड़ सकता। अलबत्ता अपने आतंकवादी जरूर भेज सकता है, जिन्हें समय-समय पर भारतीय सुरक्षा बल ढेर करते रहते हैं। पाकिस्तान को यह बात समझनी होगी कि अब वह जमाना नहीं रहा, जब रावलपिंडी हमले करती थी और दिल्ली उन्हें बर्दाश्त कर लेती थी। अब यहां से बहुत सख्त जवाब दिया जाएगा। उसे भारतीय रक्षा मंत्री के इन शब्दों को बहुत गंभीरता से लेना चाहिए कि 'अगर कोई आतंकवादी पाकिस्तान भागने की कोशिश करता है तो हम उसका पीछा करेंगे और पाकिस्तान की सरजमीं पर भी उसे मार गिराएंगे।' पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के आकाओं को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि वे साजिशें रचते रहेंगे और भारत खामोशी से बर्दाश्त करता रहेगा। वे उरी हमले के बाद इसी भ्रम में थे, जो भारतीय सेना ने तोड़ दिया। भारतीय वायुसेना ने बालाकोट में जो एयर स्ट्राइक की थी, उससे पाक को भारी नुकसान हुआ था। बड़ी संख्या में उसके आतंकवादी मारे गए थे। कई रक्षा विशेषज्ञ तो यह भी दावा करते हैं कि उसमें जैश के शीर्ष आतंकवादियों का सफाया हो गया था। अगर पाकिस्तान ने फिर कोई दुस्साहस किया तो उसे यह बात याद रखनी चाहिए कि उसका अंजाम बहुत भयानक होगा। आज भारत का बच्चा-बच्चा जानता है कि पाकिस्तान को 'सुधरने' के कई मौके दिए जाने के बावजूद उसमें कोई सुधार नहीं हुआ, क्योंकि वह हमेशा उद्दंड बना रहना चाहता है। उसके प्रति भारत की सख्ती ही शांति स्थापना का सर्वश्रेष्ठ उपाय है।

## ट्वीटर टॉक



अनेक दशकों बाद देश ने भाजपा की स्थिर और मजबूत सरकार देखी है। हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है- गरीब का कल्याण। आजादी के बाद दशकों तक गरीब की जरूरतों को कांग्रेस की सरकारों ने नजरअंदाज किया।

**-सीपी जोशी**



जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नए संसद भवन में न्याय और स्वतंत्रता के प्रतीक सेंगोल को स्थापित किया है, इस देश का हर जागरूक नागरिक सेंगोल के बारे में जान गया है। सेंगोल की नई पार्लियामेंट बिल्डिंग में स्थापना, भारत में एक नए युग की शुरुआत हुई है।

**-राजनाथ सिंह**



कांग्रेस के प्रत्याशी गाली-गलौज करके अपनी ओछी मानसिकता का प्रदर्शन कर रहे हैं। मैं उनके स्तर का नहीं हो सकता। मेरा आचरण, मेरा व्यवहार, मेरा काम; बीकानेर की जनता जानती है, और उसी आधार पर जनता चौथी बार 19 अप्रैल को कमल खिलाएगी।

**-अर्जुनराम मेघवाल**

## प्रेरक प्रसंग

# तपस्या और मां सेवा

ब्राह्मण कुल में जन्मे अंगिरस को लगा कि सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर तपस्या करने से ही जीवन सार्थक होगा। उन्होंने गुरु से आज्ञा ली तथा वन में घोर तपस्या के लिए एक दिन मां को सोता छोड़कर घर से निकल गए। मां की हालत दयनीय होने लगी। एक दिन दु:खी मां के मुंह से निकला, 'अंगिरस, मुझ वृद्धा मां को इस हालत में भूखा-प्यासा छोड़कर जाने के कारण तेरी तपस्या कभी सफल नहीं होगी।' अंगिरस तपस्या में बैठते, तो उन्हें किसी वृद्धा की दर्दभरी चीत्कार सुनाई देती। एक दिन अंगिरस ऋषि अगस्त्य के पास पहुंचे। उन्होंने कहा, 'ऋषिवर, मैं जब भी तपस्या में बैठता हूं, तो किसी वृद्धा की चीत्कार मन को विचलित कर डालती है।' ऋषि ने पूछा, 'क्या तुमने अपनी मां से तपस्या की आज्ञा ली थी?' ऋषि अगस्त्य ने कहा, 'धर्मशास्त्रों में कहा गया है कि मां की सेवा ही सर्वोच्च धर्म है। तुमने वृद्धा मां की अवहेलना कर अधर्म किया है।' अंगिरस ने अगस्त्यजी के आदेश पर घर लौटकर मां से क्षमा मांगी। उन्हें प्रसन्न करने के बाद ही अंगिरस ने तपस्या कर सिद्धि प्राप्त की।

## सामयिक

# अपराधियों को नायक बनाने की खतरनाक प्रवृत्ति

**अवधेश कुमार**
मोबाइल : 98110 27208

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के घर जाकर उसे महान और मसीहा साबित करने की उस अभियान को आगे बढ़ाया जो उसकी मौत के समय से ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने जेल में रहते हुए मुख्तार को पांच बार विधायक बनाया तो इसका मतलब है कि वह जनता के दुख दर्द में शामिल रहे और उसी का परिणाम है कि जनाजे में इतनी अधिक भीड़ उमड़ी । उन्होंने बांदा जेल में मुख्तार की मृत्यु पर सरकार को घेरा तथा उसकी तुलना रूस में बिना नाम लिए विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में हुई मृत्यु से कर दी। जेल में कैदी की मृत्यु की कानून के अनुसार न्यायिक दंडाधिकारी से जांच आवश्यक है और जांच रिपोर्ट आना बाकी है। मुख्तार अंसारी,पिछले लंबे समय से जब भी वीडियो में आया काफी कमजोर दिखता था। ह्वील चेयर पर ही उसके बाहर निकलने या अंदर जाने की तस्वीरें आईं थीं। उसकी मेडिकल रिपोर्ट में अनेक बीमारियां लिखी हुई है। इतनी बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति की कभी भी किसी कारण से मृत्यु हो सकती है। वैसे भी बाहुबल और धनबल की बदौलत बादशाहत कायम करने की मानसिकता में जीने वाले व्यक्ति को जेल में आम अपराधी की तरह व्यवहार से मानसिक आघात लगना बिलकुल स्वाभाविक है। मानसिक तनाव, दबाव व हताशा में मनुष्य अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। योगी आदित्यनाथ सरकार के कारण बांदा जेल में वह आम सजाप्राप्त कैदी की तरह ही था। कुछ बुद्धिजीवियों, संगठनों, नेताओं, राजनीतिक पार्टियों आदि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का कोई मायने नहीं है। प्रचार यही हो रहा है कि उसे मारा गया है। कुछ दिनों से उसके परिवार और वकील धीमा जहर देने का आरोप एक रणनीति के तहत लग रहे थे जिसका उद्देश्य जमानत दिलाना या मन मुताबिक किसी जेल में शिफ्ट कराना था। मृत्यु से कुछ दिनों पहले बेटे से बातचीत के ऑडियो वसे उसके काफी अस्वस्थ व कमजोर होने के साथ गहरी निराशा में डूबे होने का पता भी चलता है।

उसकी मृत्यु पर सपा, बसपा या कुछ अन्य पार्टियों,मजहबी नेताओं आदि ने जिस ढंग का माहौल बनाया है उसने आम व्यक्ति को उद्वेलित किया है। ऐसा कोई कारण नहीं दिखता जिससे प्रशासन या जेल या सरकार उसे तत्काल गैर कानूनी तरीके से मारने का कदम उठाए। इस समय उसकी मृत्यु से किसी को कुछ भी प्राप्त नहीं होने वाला था। लगातार उसे सजा मिल रही थी और अंतिम समय तक वह जेल में छटपटाते रहता तो इसका संदेश अन्य माफियाओं, बाहुबलियों, अपराधियों के बीच जाता कि ऐसे लोगों के साथ यही होना है। योगी आदित्यनाथ सरकार की दृष्टि से यह स्थिति ज्यादा अनुकूल थी। मृत्यु के बाद उसे गरीबों का मसीहा और नायक बनाया जाना भय पैदा करता है। जितनी संख्या में उसके नमाज ए जनाजा में लोग शामिल हुए वह सामान्य अवस्था का द्योतक नहीं है। किसी उदारवादी, समाज हितैषी, हिंदू मुस्लिम एकता के लिए काम करने वाले मुसलमान की मृत्यु पर न ऐसी प्रतिक्रियाएं आतीं हैं न इतने लोग इकट्ठे होते हैं और न उनमें भावविह्वलता और आक्रामकता देखी जाती है। इसके विपरीत चाहे मुख्तार अंसारी हो, बिहार का बाहुबली सैयद सहाबुद्दीन, अतीक अहमद या मुंबई बम विस्फोटों का आतंकवादी टाइगर मेनन उनके जनाजे में इतने बड़े जन समूह का उभरना मुस्लिम समाज के अंदर बढ़ती ऐसी प्रवृत्ति है जिससे डरने और जिसको हर हाल में रोके जाने की आवश्यकता है। मुख्तार अंसारी न्यायालय द्वारा सिद्ध माफिया, हत्यारा, अपहरणकर्ता, सांप्रदायिक दंगा करने वाला बाहुबली था। 65 से ज्यादा मुकदमे उसके नाम पर थे जिनमें आठ में उसे सजा दी जा चुकी थी। इनमें दो में उम्र कैद की सजा थी। न्यायालय द्वारा घोषित सजाप्राप्त अपराधी को मुसलमानों का नायक, गरीबों का मसीहा बताया जाए तथा राजनीतिक पार्टियां और नेता उसके पक्ष में बयान दें इससे ज्यादा डरावना देश के लिए कुछ नहीं हो सकता। वे सरकार और पुलिस प्रशासन के साथ न्यायपालिका पर भी प्रश्न उठा रहे हैं। 2013 में मुंबई बम विस्फोटों के अपराधी टाइगर मेनन के जनाजे में मुंबई में उमड़ी भीड़ ने पहली बार देश को हैरत में डाला था। उस समय से यह एक स्थापित प्रवृत्ति है। अतीक अहमद की हत्या पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न था लेकिन उसकी मृत्यु पर विशेष नमाज जगह-जगह अदा कर जन्नत की दुआ करना किस बात का द्योतक था? डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की मृत्यु पर इस तरह का दृश्य नहीं था। वस्तुतः उनके जनाजे में हिंदुओं की संख्या सर्वाधिक थी।

कांग्रेस के शासनकाल से उत्पन्न राजनीति के अपराधीकरण के भयावह दौर में ऐसे अपराधी और बाहुबली, जिन्हें जेल में होना चाहिए वो माननीय विधायक और सांसद बनकर नीति-नियंता बन गए। अतीक, अंसारी या शहाबुद्दीन जैसों की एकमात्र योग्यता यही थी कि वो अपने अपराध के बल पर साम्राज्य कायम कर चुके थे तथा एक क्षेत्र विशेष में चुनाव जीतने जिताने में सक्षम थे। इसी कारण सपा-बसपा दोनों ने उन्हें महत्व दिया और कांग्रेस पार्टी का भी उन्हें समर्थन ही रहा। सैयद शहाबुद्दीन को भी अपराधी होने के बाद ही राजद ने सांसद बना दिया।

इनके कारण इन पार्टियों को कुछ क्षेत्रों में मुसलमानों के बड़े वर्ग का वोट भी मिलता था। सांसद और विधायक बनने के बाद इनका अपराध तंत्र ज्यादा फैला और प्रशासन के लिए उनके विरुद्ध कार्रवाई हमेशा कठिन रही। भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या मुख्तार ने जेल में रहते हुए कराई और उनकी चुटिया तक काट वाली। एक हिंदू की टिक काटने से ज्यादा सांप्रदायिकता क्या हो सकती है?अतीक जेल से भी पूरा तंत्र चलाता था और पुलिस की तरह ही उसके पास इंटेरोगेशन से लेकर कैद रखने के ढांचे बने हुए थे। शहाबुद्दीन की भी ऐसी ही स्थिति थी। मऊ दंगे में डीएसपी शैलेंद्र सिंह ने जब मुख्तार को गिरफ्तार किया तो उनका कहना था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने हर तरह उसे छुड़ाने की कोशिश की और उन्हें त्यागपत्र देना पड़ा। गाजीपुर जेल में मुख्तार के साथ स्थानीय प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के बैडमिंटन खेलने तक के प्रमाण हैं।

अगर उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार नहीं होती तो अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, बाबू बजरंगी जैसों का कानून की गिरफ्त में इस तरह आना, मारा जाना या सजा देना कतई संभव ही नहीं होता। जरा सोचिए, मुख्तार अंसारी ने उत्तर प्रदेश के वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की सरेआम हत्या करवाई और आज कांग्रेस उसे अपराधी तक कहने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस ने उसे बचाने के लिए उत्तर प्रदेश से पंजाब की रोपड़ जेल में शिफ्ट कराया तथा उसे वापस न लाया जा सके इसके लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाइयां लड़ी। ऐसी पार्टियों के होते क्या उसे सजा मिल सकती थी? ये पार्टियां भूल रही हैं कि देश ने राजनीति के अपराधीकरण और अल्पसंख्यकवाद के दौर को पीछे छोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र या फिर राज्यों में सरकार गठित होने के पीछे भी हिंदुत्व, राष्ट्रवाद, विकास, जन कल्याण के साथ अपराध और भयमुक्त माहौल की उम्मीद भी बहुत बड़ा कारण रहा है।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2022 में भाजपा सरकार की वापसी का सबसे बड़ा कारण यही था कि अपराधी और माफिया के विरुद्ध अविश्वसनीय स्तर तक कार्रवाई हुई। योगी आदित्यनाथ केवल उत्तर प्रदेश नहीं, बल्कि देश में आम लोगों के बीच अपराधियों व माफियाओं के विरुद्ध किसी भी दबाव से परे अडिग रहते हुए कठोरता से कार्रवाई करने वाले नायक के रूप में खड़े हुए हैं तो इसी कारण। उप्र में सभी समुदायों के आम आदमी की प्रक्रिया होती है कि हम अब निर्भय होकर सड़कों पर चल सकते हैं। इसलिए बसपा, सपा या कांग्रेस या अन्य पार्टियां अगर मानती है कि ऐसे अपराधियों के पक्ष में खड़ा होकर वे मुस्लिम वोटों से फिर विजय प्राप्त कर सत्ता पा लेंगे तो यह सपना पूरा नहीं होने वाला। पर इस व्यवहार के कारण सांप्रदायिक तत्वों द्वारा फैलाया गया खतरनाक झूठ कि मुसलमानों की चुन-चुन कर हत्याएं हो रही हैं- देश में सांप्रदायिक तनाव का वातावरण पैदा कर रहा है। ऐसी राजनीति और एक्टिविज्म भयभीत करनेवाली है। मुख्तार जैसे लोग समाज के नायक नहीं खलनायक हैं। खलनायक को नायक बनाने की सांप्रदायिक और विभाजनकारी प्रवृत्ति के विरुद्ध डटकर खड़ा होने की आवश्यकता है।

## विशेष

# सनातन का संदेश देता है भारतीय नव वर्ष

**डॉ. वन्दना सेन**
मोबाइल : 8103430932

अंग्रेजी नव वर्ष के बढ़ते प्रभाव के बीच राष्ट्र कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' भारतीय नागरिकों को सचेत करते हुए लिखते हैं कि ये नव वर्ष हमें स्वीकार नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं, है अपनी ये तो रीत नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं। इन पंक्तियों का आशय पूरी तरह से स्पष्ट था कि अंग्रेजी नव वर्ष हमारा अपना नहीं, बल्कि अंग्रेजों द्वारा भारतीयता को मिटाने के लिए भारत पर थोपा गया था। विसंगति यह है कि अंग्रेज जो भारत में छोड़कर गए थे, उसे हमने अपना मान लिया। उसके पीछे मूल कारण यही था कि हम अपनी भारतीय संस्कृति को विस्मृत कर चुके थे। अपने स्वत्व का बोध भी हमको नहीं रहा था। जब हम स्वत्व की बात करते हैं तो स्वाभाविक रूप से इसमें वह सब दिखाई देगा, जो मूल भारत की कल्पना था। अब पहला सवाल यह आता है कि अपना मूल भारत क्या था? क्या हमें इसका भान है? यकीनन नहीं, क्योंकि आज जो भारत दिख रहा है, उसे पहले मुगलों ने अपने हिसाब से बनाया और फिर अंग्रेजों ने भारतीय समाज को हमें अपनी संस्कृति से विमुख कर दिया। विचार कीजिए कि भारत का स्वत्व क्या है? अगर भारत का स्वत्व जानना है तो हमें मुगलों से पूर्व के भारत का अध्ययन करना होगा, वही वास्तविक भारत है। आज हम भले ही अंग्रेजी दिनचर्या का उपयोग करते हैं, लेकिन आज भी यह सत्य है कि अंग्रेजी दैनंदिनी का प्रयोग हम अपने त्यौहारों में कभी नहीं करते। क्योंकि हमारे सारे त्यौहार सांस्कृतिक और प्राकृतिक हैं। वे प्रकृति के हिसाब से ही तय किए जाते हैं। इसीलिए प्रारंभ से ही भारत के समस्त त्यौहार दिशा बोध कराने वाले रहे हैं। वसंत के त्यौहार को ही ले लीजिए, इसमें प्राकृतिक बोध होता है। वसंत के पश्चात पतझड़ और फिर प्रकृति में नवीनता का उल्लास। यही उल्लास प्राकृतिक नव वर्ष का आभास कराता है। इसीलिए यही भारत का अपना नव वर्ष है, अंग्रेजों वाला नहीं।

भारतीय की संस्कृति में पुरातन काल से नव वर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही माना जाता रहा है। इस तिथि को भारतीय संस्कृति में अति पावन दिन माना गया है। क्योंकि इसी प्रतिपदा दिन रविवार को सूर्योदय होने पर ब्रह्मा ने सृष्टि के निर्माण की शुरुआत की थी। इसलिए इसको सृष्टि का प्रथम दिवस भी कहते हैं। यह प्राकृतिक संयोग ही है कि अब भारत के नागरिक अपनी मूल की ओर लौट रहे हैं। जो लोग कल तक अपने नव वर्ष मनाने वाले समाज की हंसी उड़ाता था, वे स्वयं होकर नव वर्ष मनाने की ओर प्रवृत हो रहे हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारत अपने स्वत्व की ओर लौट रहा है। भारत के नागरिकों को यह आभास होने लगा है कि हमारा देश किसी भी मामले में दुनिया के देशों से पीछे नहीं रहा, बल्कि उसे षड्यंत्र पूर्वक पीछे कर दिया गया था। अब यह षड्यंत्र भी समझ में आने लगा है। इसलिए अब बहुत बड़ी संख्या में भारत का अपना नव वर्ष मनाने के लिए एकत्रित होने लगे हैं।

वर्तमान में जिस प्रकार से श्रद्धा केन्द्रों पर भीड़ बढ़ रही है, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत का युवा जाग्रत हो रहा है। उसे सांस्कृतिक रूप से अपने पराए का बोध हो रहा है। समाज अपने विवेक से श्रेष्ठ और बुराई के बीच तुलनात्मक अध्ययन करने लगा है। समाज के व्यवहार में भी व्यापक परिवर्तन आया है। जो बुद्धिजीवी पहले हर बात की अपने हिसाब से व्याख्या करते थे, आज वे भी भारतीय संस्कृति के अनुसार चलते की ओर प्रवृत हुए हैं। इसलिए अब भारतीय समाज को भ्रमित करने के दिन बहुत दूर जा चुके हैं।

## विशेष

# शक्ति की विजय का महापर्व नवरात्र

**हर्षवर्धन पाण्डे**

एक ही परम तत्व परमपुरुष पराशक्ति के रूप में सर्वत्र व्यापक है। श्रुतियों, शास्त्रकारों ने एक ही चिरंतन शक्ति को कभी पुरुष के रूप में तो कभी देवी के रूप में स्वीकारा है। सब के घट में एक समान विराजमान वह दिव्य शक्ति जो प्रकाश के रूप में हमेशा मौजूद रहती है जिसे 'जीवन शक्ति' कहा जाता है और उसका दर्शन होना ही 'शक्ति ' की आराधना है। दुष्टों का संहार करके भक्तों की रक्षा करने हेतु कभी काली तो कभी दुर्गा या फिर राम और कृष्ण के रूप में उस शक्ति का अवतरण इस धरा पर हुआ है।

मां अम्बे की पूजा - अर्चना का विधान वेद, पुराण, उपनिषदों हिन्दुओं के अन्य धर्मशास्त्रों में भी मिलता है। वेदों में कहा गया है, ब्रह्म एक था, उसमें इच्छा हुई, एक से अनेक होने की, और इस सृष्टि का निर्माण हुआ लेकिन अनेक होने के बाद भी उसके एकत्व में कोई अंतर नहीं पड़ा। जैसे कोई बीज एक होता है, किंतु समय पाकर एक से अनेक हो जाता है। पहले अंकुर फूटता है। फिर तना, डालियाँ, पत्ते, फूल, फल और अंत में बीज रूप में वह अनेक हो जाता है। हर बीज उस पूर्व बीज के ही समान है। उसमें भी अनेक होने की पूरी सम्भावनाएं हैं। जैसे अंकुर, तना, या डालियाँ, फूल आदि सभी उस बीज में से ही निकले हैं, पर वे बीज नहीं हैं। इसी प्रकार ब्रह्म से ही जड़ जगत, वृक्ष, पशु, पंछी आदि हुए हैं पर वे ब्रह्म के एकत्व का अनुभव नहीं कर सकते। केवल मानव को ही यह सामर्थ्य है कि वह फूल की तरह खिले, फिर उसमें भक्ति व ज्ञान के फल लगें और उसके भीतर ब्रह्म रूपी बीज का निर्माण हो सके। वेद में 'एकोएहं बहुस्याम ' और 'अजाय मानों बहुधा ब्यजायत' के रूप में और देवी पुराण में 'सा वाणी साच सावित्री विप्राधिष्ठात' वहां सर्व दुर्गा के रूप में संस्थापित है। मार्कण्डेय पुराण में स्वयं मान जएकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा। पश्यैता दुष्ट मय्येव विशन्त्यो मद्विभूतयः अर्थात मैं ही दुर्गा हूँ, सर्व शक्ति स्वरूपा हूँ और मुझमें ही पूरी सृष्टि विलीन है। आशय यह है कि यह विशाल सृष्टि उत्पन्न होती है, बढ़ती है, विभिन्न रूपों में परिवर्तित होती है और अंत में विनिष्ट हो जाती है।

देवी पुराण में एक बड़े रोचक कथा प्रसंग की चर्चा की गयी है। अक्सर भ्रम में पड़ जाने वाले देवर्षि नारद को एक बार भ्रम हो गया। ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों सर्वश्रेष्ठ हैं तो भला ये तीनों किस महाशक्ति का स्मरण करते हैं ? नारद जी अपने सन्देश निवारण हेतु शिव के पास गए और बोले 'मुझे ब्रह्मा, विष्णु और महेश से बढ़कर कोई अन्य देवता नहीं दिखाई देता है फिर आप तीनों से ऊंचा कौन है जिसकी उपासना और स्मरण आप करते हैं'? शिव मुस्कुराये और बोले 'हे ऋषिवर' सूक्ष्म और शूल शरीर से परे जो महाप्राण आदिशक्ति (जगदम्बा ) है वही तो परब्रह्म स्वरुप है- वह केवल अपनी इच्छा मात्र से ही सृष्टि की रचना, पालन और संहार करने में समर्थ है। वस्तुतः वह आदिशक्ति (दुर्गा ) निर्गुण स्वरूप है परन्तु उसे किसी भी रूप मे मन समय-समय पर धर्म की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए साकार होना पड़ता है। इसी समय-समय पर,पार्वती दुर्गा, काली, चंडी, सरस्वती आदि अवतार धारण किये हैं। इसी जगत जननी का सभी देव स्मरण करते हैं।

जो विद्वानों के लिए स्मरणीय हो वह लोगों के लिए विस्मरणीय भला कैसे हो सकता है। परिणामतः कलियुग में भी आज दो नवरात्रि के रूप में माँ जगदम्बा की पूजा जारी है। शारदीय और वासंतीक नवरात्र। शारदीय नवरात्र आश्विन मास में और वासंतिक नवरात्र चैत्र माह में होते हैं। यूँ तो चैत्र वर्ष प्रतिपदा से हिन्दुओं का नया संवत्सर शुरू होता है लेकिन दोनों नवरात्र का हमारी सनातन संस्कृति में समान महत्व है। शारदीय और वासंतीक नवरात्र दोनों में नौ दिन और नौ रातों तक भगवती के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। यह आज तक रहस्य बना हुआ है कि दुर्गा की पूजा सबसे पहले राम ने की या किसी और ने लेकिन इतना तय है लंका पर चढ़ाई और रावण वध से पहले राम ने आदिशक्ति स्वरूप मानकर दुर्गा जी की पूजा की। यह स्थान भी रामेश्वरम के नाम से जाना जाता है।

नवरात्र महोत्सव आसुरी शक्ति पर दैवीय शक्ति की विजय का प्रतीक है। नवरात्र में प्रथमा से लेकर नवमी तक शक्ति के 9 स्वरूपों की पूजा -अर्चना होती है। ये नौ शक्तियां बहनों का स्वरुप हैं और इन नौ शक्तियों के विभिन्न नाम रूप के कारण 'शारदीय नवरात्र' उत्सव का उल्लास देखते ही बनता है। नवरात्र की पूरे देश में विशेष धूम रहती है। इन 9 दिनों में लोगों की भक्ति भावना, आस्था और शक्ति देखते ही बनती है। दर्जा माता की नौ शक्तियों के नाम हैं - शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धदात्री। नवरात्र में अंतिम दिन पर कन्या पूजा का विशेष महत्व है। नौ कुमारी कन्याओं को देवी स्वरुप मानकर लोग उनका विशेष पूजन भोजन, वस्त्रादि, उपहार देकर करते हैं। कन्या पूजन में दो वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक की कन्याओं को पूजा जाता है। दस वर्ष से अधिक वर्ष की कन्याओं का पूजन वर्जित। दो वर्ष की कन्या 'कन्याकुमारी', तीन वर्ष की 'त्रिमूर्तिनी', चार वर्ष की 'कल्याणी', पांच वर्ष की 'रोहिणी', छह वर्ष की ;'काली', सात वर्ष की 'चंडिका', आठ वर्ष की ' शम्भवी', नौ वर्ष की 'दुर्गा' और दस वर्ष की 'सुभद्रा' स्वरूपा मानी गयी है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से आरंभ हो रहे हैं। प्रतिपदा तिथि पर कलश स्थापना के साथ ही नवरात्रि पर्व पर देवी दुर्गा की आराधना का महापर्व शुरू होता है। नवरात्रि के पहले दिन यानी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि पर शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए करना शुभ माना जाता है। चैत्र नवरात्र का उत्सव पूरे देश में 9 से 17 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इस बार मंगलकारी रेवती-अश्विन नक्षत्र के शुभ संयोग और सर्वार्थ-अमृत सिद्धि योग में देवी का आगमन होने वाला है। इस बार पूरे नौ दिन देवी की आराधना के लिए मिलने वाले हैं जिसमें अनेक मंगलकारी योग भी देखने को मिलेंगे।

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है। हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। एक वर्ष में कुल चार नवरात्रि आती है, पहला चैत्र नवरात्रि, दूसरा शारदीय नवरात्रि और दो गुप्त नवरात्रि। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र



नवरात्रि आरंभ हो जाती है। चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ होने के साथ ही नया हिंदू वर्ष भी आरंभ होता है। चैत्र नवरात्रि पर लगातार 9 दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना और मंत्रोचार किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि पर देवी दुर्गा पृथ्वी लोक आती है और अपने सभी भक्तों की हर एक मनोकामना को पूर्ण करती हैं। हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि के त्योहार को बहुत अधिक महत्व दिया जाता है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है।

पूरे नौ दिनों का शक्ति पर्व होना बहुत ही शुभ संयोग है। देवी का आगमन तमाम कष्टों, विघ्न बाधाओं से मुक्ति का संकेत दे रहा है। हर नवरात्रि में देवी की सवारी बदल जाती है। देवी का वाहन तो शेर ही होता है लेकिन देवी भागवत और अन्य ग्रंथों के मुताबिक हर नवरात्रि में देवी की सवारी अलग-अलग होती है। देवी की सवारी नवरात्रि के पहले दिन से तय होती है। कोई भी पर्व हो उसके पीछे मकसद होता है सुख, शांति और समृद्धि के साथ परमानन्द की प्राप्ति। नवरात्र में की गई पूजा मानव मन की मलिनता को दूर करके भगवती दुर्गा के चरणों में लीन होकर जीवन में सुख, शांति और ऐश्वर्य की समृद्धि लाती है। यज्ञ-हवन का हमारी सनातन परम्परा में बड़ा ही महत्व रहा है। इससे अनेक व्याधियों से मुक्ति होने की वैज्ञानिक पुष्टि भी होती है। शक्ति स्वरूपा नवदुर्गा का दर्शन करना मानव जीवन का लक्ष्य होना चाहिए और इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु इन नवरात्रों में पूजन अर्चन कर विशेष प्रयास करना चाहिए। नवरात्र अर्थात शक्ति की आराधना का महापर्व है और इसे सपरिवार मनाना चाहिए जिससे सुख शांति, अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष का पुरुषार्थ भी सफल हो।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## प्रदर्शन



गुवाहाटी में सोमवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) के उपयोग पर एक प्रदर्शन किया गया।

# विवादों की 'क्वीन' हैं कंगना रनौत : विक्रमादित्य सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



शिमला। हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार कंगना रनौत को सोमवार को विवादों की क्वीन करार दिया। सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि कंगना एक अच्छी अभिनेत्री हैं लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वह विवादों की 'क्वीन' हैं। यदि उन्हें लगता है कि उन्होंने समय-समय पर जो कुछ कहा है उसका जिक्र चुनावों के दौरान नहीं किया जाएगा तो उन्हें 'जय श्री राम'। सिंह ने कहा, लेकिन इन मुद्दों को लोकसभा चुनाव में उठाया जाएगा और कंगना को हिमाचल प्रदेश, विशेष रूप से मंडी के लोगों को जवाब देना होगा। इस सीट पर, लोक निर्माण मंत्री और उनकी मां प्रतिभा सिंह, दोनों ही लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से संभावित उम्मीदवार हैं। सिंह, मंडी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रभारी भी हैं जबकि उनकी मां इस सीट से मौजूदा सांसद हैं।

'बीफ' खाने को लेकर कंगना के खिलाफ एक आरोप का संदर्भ देते हुए सिंह ने कहा कि वह प्रभु राम से उन्हें (अभिनेत्री) सदबुद्धि देने की प्रार्थना करते हैं। मंत्री ने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि कंगना देवभूमि हिमाचल से शुद्ध होकर बॉलीवुड लौटेंगी क्योंकि वह चुनाव तो जीन नहीं पाएंगी और इसका कारण है कि उन्हें राज्य के लोगों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। कंगना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह शर्मनाक है कि मेरे बारे में पूरी तरह से निराधार अफवाहें फैलायी जा रही हैं। मैं बीफ या किसी भी प्रकार का लाल मांस नहीं खाती।

सिंह ने कहा कि कंगना हिमाचल की बेटी होने का दावा कर रही हैं लेकिन 'देवभूमि' की कई बेटियां हैं जिन्होंने राज्य और राष्ट्र को कई क्षेत्रों में गौरवान्वित किया तथा मेरी बड़ी बहन उनमें से एक हैं जो मणिपुर की मुख्य न्यायाधीश थीं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के एक बयान का जवाब देते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा, मुझे जयराम ठाकुर से किसी प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है जो हर क्षण अपने निर्णय बदलते रहते हैं और मुख्यमंत्री रहने के दौरान भी ऐसा किया करते थे। ठाकुर ने कहा था कि बार-बार अपना रुख बदलने को लेकर विक्रमादित्य सिंह को अब 'पल-पल पलटूराम' के तौर पर जाना जाएगा। सिंह ने कहा कि जो लोग यह कह रहे हैं कि उन्होंने अक्सर अपने बयान बदले हैं, उन्हें राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण तक नहीं मिला था। मंत्री ने कहा, मैंने कहा था कि मैं समारोह में शामिल होऊंगा और मैंने ऐसा किया। सिंह ने कहा कि उनके परिवार का मंडी के लोगों से भावनात्मक जुड़ाव है क्योंकि उनके पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और मां प्रतिभा सिंह इस सीट से चुनाव जीते हैं।

उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए मजबूत उम्मीदवार उतारे जाएंगे तथा उनके नामों पर निर्णय 13 अप्रैल को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह आलाकमान के निर्देशों का पालन करेंगे। इस बीच, संवाददाताओं से बात करते हुए प्रतिभा सिंह ने कहा कि नयी दिल्ली में हुई समन्वय समिति की बैठक के दौरान मंडी लोकसभा सीट से विक्रमादित्य सिंह के नाम पर भी चर्चा हुई। प्रतिभा ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उनका (विक्रमादित्य का) नाम सुझाया और यह राय व्यक्त की कि वह युवा, ऊर्जावान और अच्छे वक्ता हैं तथा (मंडी सीट पर) कंगना के लिए एक अच्छे प्रतिस्पर्धी होंगे। हालांकि, अंतिम निर्णय कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस के बागी राजेंद्र राणा और सुधीर शर्मा को (राज्य में) सरकार से कुछ उम्मीदें थीं तथा हमने भी उनके मुद्दे उठाये थे। यदि उनके मुद्दों का समय पर हल कर

## घोषणा




हैदराबाद में अभिनेत्री श्रावंती चोकारोपू, निशात शेख और अन्य सोमवार को हैदराबाद के बंजारा हिल्स में हिललाइफ प्रदर्शनी - स्प्रिंग - समर फैशन स्पेशल प्रदर्शनी की भव्य तारीख की घोषणा के अवसर पर।

# मप्र में राहुल गांधी के मंच पर तस्वीर की गड़बड़, मुख्यमंत्री मोहन यादव बोले, गंभीर नहीं है कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इंदौर। मध्य प्रदेश के मंडला लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सभा में मंच के बैनर पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते का फोटो छपा होने की गड़बड़ सामने आने के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रमुख विपक्षी दल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर गंभीर नहीं है। गांधी की सभा में मंच के बैनर पर निवर्तमान केंद्रीय मंत्री कुलस्ते का फोटो छपा होने की गड़बड़ पर यादव ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, मंडला क्षेत्र में आयोजित सभा में कांग्रेस अपने प्रत्याशी के स्थान पर भाजपा के उम्मीदवार (कुलस्ते) का फोटो लगा रही है। इसका मतलब है कि कांग्रेस (लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर) गंभीर नहीं है।

यादव ने लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आत्ममूल्यांकन की जरूरत है और इस पार्टी को 2029 के अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी पूरी गंभीरता के साथ करनी चाहिए। यादव ने यह दावा भी किया कि कांग्रेस को खजुराहो में अपनी चुनावी हार तय होने का पहले से अहसास है, इसलिए उसने यह सीट विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के लिए छोड़ दी। मुख्यमंत्री ने कहा, बाद में समाजवादी पार्टी ने भी खजुराहो सीट पर अपना प्रत्याशी बदल दिया और जब इस प्रत्याशी के नामांकन दायर करने का मौका आया, तो आप सबको मालूम ही है कि क्या हुआ। निर्वाचन अधिकारी ने खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन पत्र विभिन्न त्रुटियों के चलते पांच अप्रैल को खारिज कर दिया था। भाजपा ने खजुराहो से निवर्तमान सांसद एवं पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा को इस सीट से फिर चुनावी मैदान में उतारा है। मुख्यमंत्री यादव, कथावाचक कमलकिशोर नागर की कथा में शामिल होने इंदौर आए थे। उन्होंने कहा, हमने गोवंश के संरक्षण के लिए कई उपाय किए हैं।

# स्वीडन ने चीन की पत्रकार को देश से निकाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोपेनहेगन। स्वीडन ने चीन की एक पत्रकार को यह कहते हुए निष्कासित कर दिया है कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। स्वीडिश मीडिया की खबरों में सोमवार को यह जानकारी दी गई। स्वीडिश प्रसारक एसवीटी की खबर के अनुसार, 57 वर्षीय एक अनाम महिला पत्रकार को अक्टूबर में स्वीडिश सुरक्षा सेवा द्वारा गिरफ्तार किया गया था और पिछले सप्ताह स्टॉकहोम में सरकार द्वारा निष्कासित कर दिया गया था। उसके लौटने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। महिला करीब 20 साल पहले देश में आई थी। प्रसारक के अनुसार, उसके पास निवास परमिट था और उसकी शादी एक स्वीडिश व्यक्ति से हुई थी, जिससे उसके बच्चे भी हैं। एसवीटी ने कहा कि महिला का चीनी दूतावास और स्वीडन में उन लोगों से संपर्क रहा है जो चीनी सरकार से जुड़े हैं।

## चुनावी रैली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को मध्य प्रदेश के सिवनी में एक चुनावी रैली में।

# मृणाल ठाकुर ने कहा, 'फैंस के दिलों तक पहुंचने में समय लगा'

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी हालिया रिलीज 'द फैमिली स्टार' के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वक्त तो लगा लेकिन आखिरकार मैंने दर्शकों के दिलों में जगह बना ली। मृणाल को दर्शकों से बेहद प्यार मिल रहा है। वह अपनी नवीनतम फिल्म 'द फैमिली स्टार' को लेकर भगवान का आशीर्वाद पाने के लिए मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची। एक्ट्रेस ने कहा, ''मुझे इतना प्यार देने के लिए मैं सभी को धन्यवाद कहना चाहती हूं। मुझे दर्शकों के दिलों तक पहुंचने में काफी समय लगा लेकिन अब जब मैंने लोगों के दिलों में जगह बना ली है तो मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मैं कड़ी मेहनत करती रहूंगी और ज्यादा से ज्यादा फिल्में लेकर आऊंगी।'' एक्ट्रेस ने आगे कहा, ''मैंने कभी नहीं सोचा था कि इस फिल्म को ऐसा रिस्पॉन्स मिलेगा। मैंने पहले कभी कोई रॉम-कॉम (रोमान्स कॉमेडी) नहीं किया है। यह मेरा पहला अनुभव है, और लोग इसे पसंद कर रहे हैं। मुझे कॉमेडी करने में बहुत मजा आया। मेरी पिछली सभी भूमिकाएं गंभीर थीं। इस फिल्म पर काम करना मेरे लिए वाकई हवा के झोंके जैसा था। जल्द ही फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी और हिंदी दर्शक भी इसका लुत्फ उठा सकेंगे।'' 'द फैमिली स्टार' एक तेलुगु भाषा की रोमांटिक पारिवारिक ड्रामा फिल्म है, जो परशुराम द्वारा लिखित और निर्देशित है और यह श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के तहत दिल राजू और सिरीश द्वारा निर्मित है। फिल्म में विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं और यह 5 अप्रैल, 2024 को रिलीज हुई थी।

# 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' में दिखाई देंगे अनन्या पांडे और आदित्य कपूर

मुंबई/एजेन्सी

अमेजन फैशन के नए कैम्पेन 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर दिखायी देंगे। अमेजन फैशन ने अपने नए कैम्पेन, फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल को लांन्च करने की घोषणा की है। अमेजन के इस नए कैम्पेन में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ दिखाई देंगे। प्रज्ञा शर्मा, डायरेक्टर-कंज्यूमर मार्केटिंग, अमेजन इंडिया ने कहा,हम अपना नया कैम्पेन, 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' पेश करते हुए बहुत ही उत्साहित हैं। इस कैम्पेन का उद्देश्य अमेजन फैशन को फैशन के शौकीनों के लिए वन-स्टॉप ऑनलाइन डेस्टिनेशन बनाना है। कपड़ों, जूतों, घड़ियों, एक्सेसरीज़ आदि के विशाल संग्रह के साथ, अमेजन ग्राहकों को टॉप ब्रांडों के सुझावों जैसे 'वियर इट विथ' जैसे फीचर्स के साथ अपने लुक को आसानी से संवारने में मदद करता है। आसान रिटर्न, बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के तेज डिलीवरी जैसे खास फीचर्स के साथ, हम फैशन शॉपिंग के अनुभव को लगातार बेहतरीन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।' आदित्य रॉय कपूर ने कहा, मैं जुनून की हद तक फैशन का शौकीन हूं, ऐसे में मैं हमेशा सुकून भरी स्टाइल की तलाश में रहा हूं। मैं अमेजन फैशन के नए कैम्पेन का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेजन फैशन पर शॉपिंग करना बेहद आसान और सुविधाजनक है। यहां सन ग्लासेस, वॉचेज़, शूज़ के विशाल संग्रह के साथ हमेशा समय पर डिलीवरी की सुविधा मिलती है।



जिसके कारण शॉपिंग करते वक्त आपको अंदाजा नहीं लगाना पड़ता है। अमेजन की यह सुविधा मुझे अपनी वार्डरोब और भी स्टाइलिश बनाने में मदद करती है।

अनन्या पांडे ने कहा, मुझे ऐसी स्टाइलिंग पसंद है, जिससे मुझे सुकून मिले, और साथ ही मैं आत्मविश्वास भी महसूस हो। अमेजन फैशन पर एक्सेसरीज़, जूते, बैग आदि के विशाल संग्रह के साथ मैं आसानी से मिक्स एंड मैच कर सकती हूं। मैं अमेजन फैशन के 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' अभियान का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। यह कैम्पेन ग्राहकों को टॉप ब्रांडों की सलाह के साथ 'वियर इट विथ' जैसे फीचर्स और 'ईजी रिटर्न', फास्ट डिलीवरी और 'नो कन्वीनिएंस फीस' जैसे खास फीचर्स के साथ अपने लुक को और बेहतरीन बनाने में मदद करता है। अज़ाज़ुल हक - चीफ कंटेंट ऑफीसर, मीडिया.मॉन्क्स इंडिया ने कहा, हमारे कैम्पेन में, अनन्या, जो अपने फैशन के लिए जानी जाती है और ब्रांड का चेहरा रही है, ने आदित्य को अमेजन फैशन की दुनिया से रूबरू कराया है। आदित्य यह देखकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं कि हमारे विशाल संग्रह और टॉप ब्रांडों के साथ अमेजन पर फैशन कितना सहज हो सकता है। यह आपको हर तरह के अलग-अलग लुक पाने में मदद करता है।



# वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार से फरदीन खान का पहला लुक रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान की आने वाली वेबसीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार से उनका पहला लुक रिलीज हो गया है। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी: द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी: द डायमंड बाजार में फरदीन खान भी अहम भूमिमा में नजर आयेंगे। फरदीन खान लंबे अरसे के बाद बतौर अभिनेता वापसी कर रहे हैं। वेबसीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार से फरदीन खान का पहला लुक रिलीज हो गया है। फरदीन खान, हीरामंडी द डायमंड बाजार में वली मोहम्मद के रोल में नजर आएंगे। फरदीन खान के पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में नेटफ्लिक्स इंडिया ने लिखा, प्यार और कर्तव्य के बवंडर संघर्ष में फंसे, वली मोहम्मद अपनी शाही जिम्मेदारियों के साथ अपने दिल की इच्छा को समेटने का प्रयास कर रहे हैं। शेखर सुमन भी हीरामंडी: द डायमंड बाजार में नजर आयेंगे।उनके पहले लुक को शेयर करते हुए लिखा गया, मल्लिकाजान के चरणों में अपनी निष्ठा रखते हुए, जुल्फिकार और उसकी चमकदार महत्वाकांक्षा के बीच केवल एक चीज खड़ी है - हीरामंडी।

हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, 'हीरामंडी' 'कोठों' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है। हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार 01 मई 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

# वर्कआउट को सजा नहीं मानतीं एक्ट्रेस सैयामी खेर

मुंबई/एजेन्सी



फिटनेस के प्रति अपने जुनून के बारे में बात करते हुए मशहूर एक्ट्रेस सैयामी खेर ने बताया कि वह व्यायाम को सजा के तौर पर नहीं बल्कि एक ऐसी गतिविधि के रूप में देखती हैं जिसका वह वास्तव में आनंद लेती हैं।

सैयामी ने कहा, ''हर दिन जब आप उठते हैं तो उसमें से सबसे कठिन काम मुझे अपने जूते पहनना और जूते के फीते बांधना लगता है, आप कसरत करना भूल जाते हैं, हमेशा आलसी रहते हैं। लेकिन एक बार जब आप जूते पहनते हैं और बाहर निकलते हैं तो पहला किलोमीटर कठिन होता है और फिर सब कुछ बहुत अच्छा लगता है।'' बैडमिंटन के प्रति अपने प्यार का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने बताया, ''बैडमिंटन खेलने से मुझे बहुत खुशी मिलती है इसलिए मैं वर्कआउट को सजा नहीं मानती क्योंकि मुझे वास्तव में ऐसा करना पसंद है। अगर मैं वर्कआउट से ब्रेक चाहती हूं तो मैं बैडमिंटन खेलना पसंद करूंगी।'' सैयामी ने कहा कि वर्कआउट का हर रूप उनके लिए आदर्श है। 'घूमर' एक्ट्रेस बर्लिन में 'आयरनमैन रेस' के लिए तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा, ''फिलहाल मैं एक अलग तरह की ट्रेनिंग पर हूं क्योंकि मैं सितंबर में बर्लिन में आयरनमैन रेस कर रही हूं। यह बहुत कठिन है, इसमें साइकिल चलाना, तैराकी, दौड़ना और शक्ति प्रशिक्षण शामिल है। इसलिए मेरा वर्तमान वर्कआउट मेरे आयरनमैन प्रशिक्षण की ओर है।



# 50 करोड़ के पार हुई तब्बू, करीना व कृति सेनन की 'क्रू'

मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की बेहतरीन अदाकारी से सजी फिल्म 'क्रू' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रंग जमा रही है। फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा ने भी खास रोल किए हैं। इसकी 9.25 करोड़ रुपए के साथ शानदार शुरुआत रही थी। इसके बाद भी इसने फैंस पर लगातार अपनी पकड़ बना रखी है। रिलीज के दूसरे हफ्ते में भी यह शान से चल रही है। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अब 50 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म ने रिलीज के दूसरे शनिवार (6 अप्रैल) को यानी 9वें दिन 5.25 करोड़ रुपए कमाए। इससे पहले शुक्रवार को 8वें दिन इसकी कमाई 3.75 करोड़ रुपए रही थी। इसके साथ ही फिल्म ने भारत में कुल 52.91 करोड़ रुपए बटोर लिए हैं। दुनियाभर में यह 90 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। फिल्म की मेकर में से एक एकता कपूर ने यह अपडेट अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। एकता कपूर की इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा है, क्रू-सिंग इन वीक 2! डे 8 दुनिया भर में 94.58 करोड़।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

दुनिया केवल पैसे से ही चलती है। बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया। आज हर आदमी सिर्फ पैसे के पीछे भाग रहा है। पैसे का पहाड़ बनाने में वह इतना व्यस्त है कि उसके चलते अनेक समस्याओं से वह घिरता जा रहा है। उसके जीवन में तनाव रहता है। उनके घरों में भी आत्महत्याएं हो रही है। वह पैसे कमाने के साथ साथ अनेकों तकलीफों से भी गुजर रहा है। आचार्यश्री ने कहा कि पैसा हर चीज का इलाज नहीं है। पैसे से ही सब कुछ नहीं होता है। प्रेम से इस दुनिया को जीता जा सकता है। धन कमाएं, लेकिन सामर्थ्य जितना, ज्ञान कमाएं। एक दूसरे के बीच सम्मान हो तो हम आनंदित रह सकते हैं।



# राजस्थली क्लुब का रंगारंग कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के राजस्थली क्लब का 'इंग्लिश बाबू देसी मेम' कार्यक्रम का आयोजन एसपीआर वैंक्विट हॉल में हुआ। जिसमें लगभग 150 सदस्यों ने भाग लिया। नवकार मंत्र से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। म्यूजिक क्रोके पर कई सदस्यों ने अपनी प्रस्तुत दी। अध्यक्ष गुलाब गुलगुलिया की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष अनिल बोथरा ने अपने स्वागत भाषण में उपस्थित सदस्यों अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान एमसी शैलेश जाबड ने अनेक मनोरंजक गेम्स द्वारा उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। उपस्थित सभी सदस्यों को चार ग्रुप में विभाजित किया गया एवं विजेता टीम को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान बेस्ट ड्रेस मेल बेस्ट ड्रेस फीमेल बेस्ट ड्रेस किड्स बेस्ट ड्रेस कपल को भी पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया एवं कैटवॉक का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम के अंत में डीजे पर सभी खूब थिरके। कार्यक्रम के संयोजक अशोक तातेड़ एवं रोशन बोथरा थे। धन्यवाद ज्ञापन मंत्री सुरेश तातेड़ ने दिया।



# आदिनाथ ट्रस्ट शूले में नवपद ओली की घोषणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। आदिनाथ ट्रस्ट सूले द्वारा आदिनाथ सेवा केंद्र में शाश्वत नवपद ओली प्रभावक पूज्य वैभवरत्न विजयजी म. सा. की निश्रा में भव्य ओलीजी की घोषणा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष वी मनोज जैन द्वारा की गई।

प्रतिदिन आयंबिल करने वालों का सम्मान एवं पारणा के दिन पाया के तपस्वी, वर्धमान ओली के तपस्वी, नौपद ओली के तपस्वी, सभी का विशिष्ट सम्मान एवं सम्पूर्ण वर्ष आयंबिल ओलीजी पारणे आदि के लाभार्थी हुलासमल प्रमोद मनीषा चोरड़िया की अनुमोदन करते हुए आभार व्यक्त किया गया। यहां नमक रहित, नमक सहित व एक धान्य के आयंबिल की व्यवस्था रहेगी सभी से सेवा केंद्र से पास लेने का निवेदन किया गया। तपस्वियों का सम्मान चोरड़िया परिवार ने किया।



# संस्कृति कल्चरल फाउंडेशन के रजत वर्ष अध्यक्ष बने विमल चौरडिया

## राजेश सुराणा मंत्री एवं अनिल गोयल बने कोषाध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। जीआरटी रेडिसन होटल में संस्कृति कल्चरल फाउंडेशन द्वारा आयोजित रजत वर्ष शपथ ग्रहण के आयोजन की शुरुआत हेमंत डूंगरवाल द्वारा गणेश वन्दना के साथ हुई। निवर्तमान अध्यक्ष चन्द्रमोहन दम्मानी ने स्वागत भाषण मैं अपने कार्यकाल में तन, मन, धन से मिले अतुलनीय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। सचिव प्रमोद गादिया ने वर्ष 2023-24 का पूरा ब्योरा वीडियो द्वारा प्रस्तुत किया। निवर्तमान अध्यक्ष चन्द्रमोहन दमानी ने संस्कृति के नवमनोनीत अध्यक्ष विमल चौरडिया को तिलक लगाकर अध्यक्षीय दायित्व हस्तांतरित किया। मुख्य अतिथि अजीत चौरडिया ने शुभकामनाओं के साथ नवगठित टीम में अध्यक्ष विमल चौरडिया, उपाध्यक्ष आदेश डागा, मंत्री राजेश सुराणा, कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, सहमंत्री महावीर पारख सहित 21 सदस्यीय टीम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि जय किशन झंवर ने पारिवारिक स्तर पर हिन्दी एवं मारवाड़ी भाषा एवं संस्कृति के उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत कार्ड के सहभागिता से संस्कृति के सभी सदस्यों को डिजिटल कार्ड दिये जाएँगे उसकी विस्तृत जानकारी ग्रीटर उत्तम सोलंकी ने वीडियो प्रस्तुति द्वारा दी। टीम ज्यूबिलेंट सिल्वर के कार्यकारिणी सदस्यों ने वॉलीवुड स्टाइल में अपना परिचय दिया जिसमें गौतम बोथरा,सुनील राक़ा,महेंद्र संकलेचा, हेमंत डुगर, गिरी बागरी, नीतेश चोवटिया, सुधीर कांकरिया, देव रतन डागा, रतन चंद डागा, मुकेश मुथा, जयंतीलाल तेलीसरा, राजकुमार दमानी, चंद्र मोहन दमानी, प्रमोद गादिया, सनम सुधीर आँचलिया, आदेश डागा, राजेश सुराणा एवं अनिल गोयल ने नाट्य,संगीत एवं नृत्य के मिश्रित अन्दाज़ में अपना हुनर पेश किया। अध्यक्ष विमल चौरडिया ने सभी पूर्व अध्यक्ष से मिलकर बनाए गए वीडियो का अनावरण किया एवं रजनीकांत के स्टाइल में एंट्री मारी। सिल्वर जुबली चेयरमैन गिरी बागरी ने इस वर्ष होने वाले विशेष कार्यक्रम की जानकारी दी। इंस्टालेशन चेयरमैन सुधीर कांकरिया, दीपक कोठारी, नितिन बोथरा, सुनील रांका, संदीप चोरारिया, वीरेंद्र सिंहवी आदि विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन शोभना बोथरा और पवित्रा कोठारी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन सचिव राजेश सुराणा ने दिया।

## रेटिकॉन सम्मेलन-2024

# दुनिया भर से 1500 से अधिक नेत्र रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। डॉक्टर अग्रवाल आई हॉस्पिटल के रेटिना विभाग द्वारा आयोजित रेटीकॉन सम्मेलन 2024 के 14वे संस्करण में भारत के अलावा विदेशों से 1500 से अधिक नेत्ररोग विशेषज्ञ तथा विट्रोरेटिनल विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा अंधेपन का महत्वपूर्ण कारण विट्रोरेटिनल विकारों के समुचित उपचार के अत्याधुनिक तकनीक, प्रौद्योगिकी पद्धतियों पर प्रकाश डाला गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन तमिलनाडु सरकार के स्वास्थ एवम परिवार कल्याण विभाग के चिकित्सा शिक्षा एवम अनुसंधान निदेशक डॉक्टर जे संगुमनी तथा मॉरीशस गणराज्य के मानद वाणिज्य दूतावास के मानद वाणिज्य दूत मलयप्पन नागलिंगम तथा डॉक्टर अग्रवाल आई हॉस्पिटल के रेटिनल सर्जन एवं मुख्य व्यवसाय अधिकारी डॉक्टर अशर अग्रवाल ने किया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता सेंटर फॉर साइट में विट्रोरेटिना सर्विसेज के निदेशक तथा ऑल इंडिया आप्थाल्मालॉजिकल सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर ललित वर्मा थे इसके साथ अन्य वक्ताओं में भारत में प्रमुख विट्रो रेटिनल सर्जरी के प्रोफेसर डॉ एस नटराजन, चिकित्सा निदेशक प्रमुख विट्रोरेटिनल सर्जरी डॉक्टर सौंदरी एस तथा डॉ अग्रवाल आई हॉस्पिटल के वरिष्ठ सलाहकार डॉ परवीन सेन ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

प्रोफेसर डॉक्टर अमर अग्रवाल तथा डॉक्टर अशर अग्रवाल की बदौलत रेटीकॉन सम्मेलन रेटिना सर्जरी के लिए सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक बन गया है। रेटीकॉन सम्मेलन रेटिना सर्जरी में नवीनतम उपचारों की प्रस्तुति पर जोर देता है। यह सम्मेलन नेत्र विशेषज्ञों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है। सम्मेलन में बोलते हुए डॉक्टर अग्रवाल आई हॉस्पिटल के विट्रो रेटिनल सर्जन और मुख्य व्यवसाय अधिकारी डॉक्टर अशर अग्रवाल ने कहा कि विट्रोरेटिनल विकास दृष्टि स्वास्थ्य के लिए विकट चुनौतियां पेश करते हैं जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करते हैं। रेटिकॉन इस क्षेत्र के विशेषज्ञों और पेशवरों को एक साथ लाएगा और ज्ञान के आदान-प्रदान की सर्वोत्तम व्यवस्थाओं को आपस में साझा करने के लिए आवश्यक मंच प्रदान करेगा। यह सम्मेलन न केवल अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञों के लिए बल्कि विट्रोरेटिनल डायग्नोस्टिक्स और उपचार में नवीनतम प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करने के इच्छुक प्रशिक्षु डाक्टरों के लिए भी एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा। इसके अलावा यह सम्मेलन रेटिना रोगियों के लिए एक आशा की किरण का प्रतीक है जो उन्हें परिणाम को बेहतर बनाने और दृष्टि बहाल करने के लिए पेशेवरों के अटूट समर्पण का आश्वासन देता है।



# 'अनुभूति' द्वारा अनुमति सम्मान प्रदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अनुभूति साहित्यिक संस्था के द्वारा डीजी वैष्णव कॉलेज के वल्लभाचार्य ऑडिटोरियम में देश के विख्यात गीतकार डॉ. विष्णु सक्सेना को इस वर्ष का अनुभूति सम्मान प्रदान किया गया। इसके पूर्व यह सम्मान महाकवि गोपाल दास नीरज, अशोक चक्रधर, बालकवि बैरागी, माया गोविंद और उदय प्रताप सिंह को दिया जा चुका है। इसी कड़ी में इस वर्ष यह पुरस्कार जब प्रदान किया गया, उस समय अनुभूति संस्था के सदस्य और गणमान्य अतिथियों में उपाध्यक्ष विजय गोयल, महासचिव नीलम सारडा, सचिव शकुंतला करनानी, कोषाध्यक्ष गिरी मूंदड़ा के साथ कई सदस्य अशोक मूंदड़ा, सुभाषचंद्र रांका, मोहनलाल बजाज, प्रवीण टाटिया, शांतिलाल जैन, गौरी शंकर राठी, पुष्पा मूँदडा आदि उपस्थित थे। अपने स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष गोविंद मूंदड़ा ने डॉ विष्णु सक्सेना की चेन्नई के कई सम्मेलनों के अविस्मरणीय पलों की यादों को साझा किया। साथ ही उनका चेन्नई से जो गहरा रिश्ता रहा है, उसको श्रोताओं के समक्ष रखा। कार्यक्रम का संचालन सचिव शकुंतला करनानी ने किया। सरस्वती वंदना शिल्पा जैन द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर अनुभूति साहित्यिक संस्था के द्वारा प्रायोजकों का सम्मान किया गया और मुख्य सदस्य गण जिन्हें विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल हुई उनका भी सम्मान किया गया। साथ ही अनुभूति की सदस्य मंजू रूस्तगी की पुस्तक 'खाट की निवाड़' का भी विमोचन डॉ विष्णु सक्सेना के कर कमलों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का जीवन परिचय डॉ. मनोज सिंह ने काव्यात्मक अंदाज से प्रस्तुत किया। फिर उसके उपरांत नीलम सारडा और गोविंद मूंदड़ा ने डॉ. विष्णु सक्सेना से साक्षात्कार के माध्यम से उनके कई रोचक अनुभव, उनके गीत और काव्य यात्रा के कई संस्मरण, श्रोताओं के साथ साझा करवाए। उन सभी संस्मरणों से संबंधित और इतर बहुत सारी काव्य और गीत रचनायें डॉ विष्णु सक्सेना ने श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत करीं। एक दिन फूल ने तितलियों से कहा जिसे जितना प्यार करोगे उतना रोओगे प्यार की दौलत ना कोई लूटने पाए थाल पूजा का लेकर चले आऐ कृष्ण की बांसुरी पर भरोसा रखो जैसे मधुर से मधुर गीत श्रोताओं की तालियां की गड़गड़ाहट के बीच पूरे सभागार में उनकी मधुर आवाज में गूंजते रहे और लोगों के दिलों दिमाग को झंकृत करते रहे। डॉ विष्णु सक्सेना ने अपनी नव प्रकाशित पुस्तक गीता कहती है पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने एक अभिनव प्रयास किया है। कोरोना काल के समय उन्होंने गीता के 18 अध्याय को मुक्तकों की साधारण भाषा में जनमानस तक गीता का संदेश पहुंचे इस उद्देश्य के साथ करे जो सतत तुम्हारा सगुण रूप से है परमेश्वर इतने सरल और सहज भाव से भागवत गीता का भावार्थ रचा है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन गिरी मूंदड़ा के द्वारा प्रस्तुत किया गया।




# रमेश बंदामुथा बने रैनबो सिद्धाचल के अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां रेनबो सिद्धाचल सोसायटी (ओल्ड नटराज थियेटर) में साधारण सभा का आयोजन हुआ।

मंगलाचरण के पश्चात अध्यक्ष सुमेरमल सिंहवी ने सभी का स्वागत किया एवं सचिव हीरालाल ने पूरे साल का ब्योरा दिया एवं बताया कि हर रविवार को अन्नदान एवं जीवदया का कार्य निरंतर चल रहा है एवं हर त्योहार भी हर्षोल्लास से मनाया जाता है। अध्यक्ष ने नये पदाधिकारी चुनने की घोषणा की एवं सभी सदस्यों की सर्व सहमति से 7 सदस्यों की नई कमेटी बनाई गई।

रमेश कुमार बंदामुथा को अध्यक्ष, सुरेश कटारिया और महावीर छत्रगोता को उपाध्यक्ष, अल्पेश जैन को सचिव, ललित छाजेड़ को कोषाध्यक्ष, महावीर छाजेड़ को सहसचिव, एवं अल्पेश कश्यप को सह कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश कुमार बंदामुथा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पत्नी के खिलाफ झूठे आरोप लगाने पर पति को 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई

कराची। पाकिस्तान की एक अदालत ने सिंध प्रांत में एक व्यक्ति को अपनी बच्ची के पितृत्व को अस्वीकार करने और अपनी पूर्व पत्नी पर व्यभिचार का झूठा आरोप लगाने के लिए 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई है। मीडिया में आयी खबरों में इसकी जानकारी दी गयी है । 'डॉन' अखबार ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मालिर) शहनाज बोह्यो ने फरीद कादिर को अपनी बच्ची के पितृत्व को अस्वीकार करने तथा पूर्व पत्नी के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के अपराध का दोषी ठहराया। अदालत ने आदेश में कहा, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि आरोपी झूठा है और उसने शिकायतकर्ता पर उसकी बेटी के पितृत्व के संबंध में कज़्फ़ (व्याभिचार) का आरोप लगाया था...

# तमिल जैनों का युगादि पर्व है भारतीय नववर्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को देशभर में भारतीय नववर्ष अनेक नामों और विभिन्न संदर्भों के साथ मनाया जाता है। तमिलनाडु में तमिल जैन समाज द्वारा यह दिन युगादि पर्व के रूप में मनाया जाता है। इसका मुख्य आयोजन विल्लुपुरम जिले में स्थित ग्राम विलुकम में होता है। टिंडीवनम तालुक में स्थित इस गांव में पिछले लगभग सवा सौ साल से तमिल जैन समाज का सबसे बड़ा युगादि पर्व महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

चारों ओर खेतों की हरियाली के बीच इस रमणीय गाँव में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का नयनाभिराम मंदिर है। गर्भगृह में मूलनायक आदिनाथ भगवान की अर्ध पद्मासन में ध्यानस्थ प्रतिमा है। गर्भगृह के बाहर अन्य तीर्थंकरों और शासन देवी देवताओं की मूर्तियां हैं। मानस्तंभ पर चारों ओर चार तीर्थंकर आदिनाथ, वासुपूज्य, विमलनाथ और महावीर स्वामी की मूर्तियाँ उत्कीर्ण हैं। द्रविड़ शैली में निर्मित 16वीं सदी के इस मंदिर का गोपुरम पांच विमान और पांच स्वर्ण कलश से युक्त है।

युगादि पर्व पर इस मंदिर में स्थानीय, आसपास तथा दूर-दूर के सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं। प्रसिद्ध जिनकांची मठ के मौजूदा वरिष्ठ भट्टारक लक्ष्मीसेन एवं अन्य भट्टारक (संत) भी पधारते हैं। जैन ग्रंथों के अनुसार युग की आदि यानी नये युग का शुभारंभ भगवान ऋषभदेव ने किया था। युग की आदि करने के कारण ही उन्हें आदिनाथ कहा जाता है। भगवान आदिनाथ को कृषि का सूत्रधार भी माना जाता है। मानव जाति पर आदिनाथ के अगणित उपकार हैं। उनके उपकारों का स्मरण करते हुए आदिनाथ जिनालय, विलुकम में युगादि पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नेवैद्य चढ़ाते और विशेष आराधना करते हैं।

युगादि महोत्सव की खुशी में विलुकम में घर-घर में, दिन में भी दीप जलाए जाते हैं। गांव में मुख्य मार्ग से होकर रथयात्रा निकाली जाती है। सजे-धजे सुंदर रथ में तीर्थंकर भगवान की प्रतिमा होती है। रथयात्रा में सभी वर्गों के लोग शामिल होते हैं। श्रद्धालु बारी-बारी से रथ खींचने का सौभाग्य पाते हैं। मार्ग में स्थान-स्थान पर नर-नारी रथ की अगवानी करते हैं, दीपक और श्रीफल से पूजा करते हैं। शाम को गांव के बाहर जलाशय के किनारे 'कूलम' कार्यक्रम होता है। इसके अंतर्गत मंत्रोच्चार के साथ तीर्थंकर भगवान की धातु की मूर्तियों का अभिषेक होता है। सांझ ढलने पर पूरे गांव में भगवान पार्श्वनाथ की उपासिका देवी पद्मावती का स्वर्ण रथ घुमाया जाता है। इस प्रकार सुबह से शाम तक विलुकम में श्रद्धा, भक्ति, उत्साह के साथ युगादि पर्व मनाया जाता है। एक छोटे-से गांव में दिनभर भारतीय नववर्ष की इंद्रधनुषी छटाएँ झिलमिलाती हैं।

– डॉ. दिलीप धींग
मोबाइल : 9952048107

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.